दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 76
कोटद्वार मंगलवार
11 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हरिद्वार में नदी का बढ़ा जलस्तर, सावधानी बरतने के निर्देश

**हरिद्वार (एजेंसी)।** वर्षा के कारण उत्तराखंड राज्य के जनपद हरिद्वार में नदी के जल स्तर में हो रही वृद्धि की संभावना को देखते हुए सावधानी बरतने के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त विषयक केन्द्रीय जल आयोग कार्यालय अधिशासी अभियन्ता हिमालयी गंगा मण्डल, हरिद्वार से दूरभाष पर हुई वार्ता एवं वेबसाईट पर प्राप्त सूचना दिनांक 09.07.2023 ( प्रति संलग्न) के अनुसार, सोलानी नदी का जलस्तर रूडक़ी (हरिद्वार) में चेतावनी के स्तर से ऊपर प्रदर्शित कर रहा है। अतः इसके दृष्टिगत अपने जनपद में आम जनमानस के बचाव हेतु समस्त ईकाइयों को सक्रिय करते हुए आवश्यक कार्वाई कराना सुनिश्चत करें। ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

केन्द्रीय जल आयोग के लिंक एचटीटीपी// एफएफएस-डॉट इंडिया-वाटरडॉटजीओवीडॉटइन से जलस्तर/खतरे की स्थिति की सतत मॉनिटरिंग करना भी सुनिश्चत करें। समस्त सम्बन्धित अधिकारी किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना एसईओसी/राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बरों 0135-2710335, 2664314, 2664315 2664316, फैक्स नं0 0135-2710334, 2664317, टोल फ्री नं0 1070, 9058441404 एवं 8218867005 पर तत्काल देना सुनिश्चित करेंगे।

# भारी बारिश का रेड अलर्ट,सात जिलों में बंद रहेंगे स्कूल



**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते कल मंगलवार को प्रदेश के सात जिलों में स्कूल बंद रहेंगे। सोमवार को देहरादून, चमोली, पौड़ी और टिहरी जिले के सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 11 जुलाई को अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए गए। वहीं, चमोली में दो दिन 11 व 12 जुलाई का आवकाश घोषित किया गया है।

वहीं, ऊधमसिंह नगर में दो दिन( 10 व 11 जुलाई), अल्मोड़ा में तीन दिन( 10 से 12 जुलाई) और नैनीताल में 10 से 13 जुलाई तक चार दिवसीय अवकाश रविवार को ही घोषित किया जा चुका था।

किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के फोन नंबरों 0135-2710335, 2664314, 2664315, 2664316, फैक्स नंबर 0135-2710334, 2664317. टोल फ्री नंबर 1070, 9058441404 एवं 8218887005 पर दी जा सकती है।

## बारिश से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री ने पीएम को कराया अवगत

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर उत्तराखंड में भारी बारिश के दृष्टिगत प्रदेश की स्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने जान-माल की क्षति, सड़कों की स्थिति सहित चार धाम यात्रा, कृषि, किसान और फसलों की स्थिति तथा कांवड़ यात्रा के संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने केंद्र से पूरे सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया।मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से विभिन्न स्थानों पर हुए जन धन की हानि और बाधित सड़कों के साथ ही चार धाम यात्रा और कांवड़ यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने किसानों और फसलों की स्थिति के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर काम कर रहे है। जगह-जगह जेसीबी मशीनें तैनात की गई है ताकि बाधित सड़कों को तुरंत खोला जा सके। उच्च स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



## यमुना के जलस्तर ने खतरे के निशान को किया पार, बाढ़ के मुहाने पर राष्ट्रीय राजधानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलधार वर्षा से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हथिनी कुंड से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से दिल्ली में मंगलवार दोपहर तक यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 तक पहुंचाने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन सोमवार शाम पांच बजे ही पानी इससे ऊपर 205.40 मीटर तक पहुंच गया।हथिनी कुंड से सोमवार तड़के तीन बजे अधिकतम 309526 क्यूसेक और उसके बाद लगातार दो घंटे तक तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जिससे मंगलवार अपराह्न तीन बजे यमुना का जलस्तर 206.65 तक पहुंचने की संभावना है। राजस्व मंत्री आतिशी ने बोट से अधिकारियों के साथ यमुना के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। रेलवे प्रशासन भी स्थिति पर नजर रख रहा है। लोहा पुल से धीमी गति से ट्रेनें गुजर रही हैं।राजस्व मंत्री ने कहा कि रविवार सुबह तक हथिनी कुंड से 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था जो बढ़कर तीन लाख क्यूसेक तक पहुंच गया है।

## लगातार हो रही बरिश से बंदरकोट में फिर हुआ भूस्खलन, मलबा आने से हाईवे बंद

**उत्तरकाशी ।** उत्तराखंड में आज सोमवार को भी मौसम खराब बना हुआ है। बारिश के बाद गंगोत्री हाईवे पर बंदरकोट में भूस्खलन होने से सड़क पर बोल्डर आ गए। जिसके चलते रास्ता बंद हो गया है। बीते दो दिन से लगातर बारिश होने के चलते हाईवे बार-बार बाधित हो रहा है। इससे यात्रियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

बरसाती सीजन में सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने रात आठ से सुबह पांच बजे तक ऋषिकेश-बदरीनाथ, रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड, कुंड-ऊखीमठ-चोपता-मंडल-गोपेश्वर हाईवे और गंगोत्री-यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही पर रोक लगा दी है। मात्र आपातकालीन और सैन्य वाहनों की आवाजाही हो सकेंगी।उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में सोमवार को भी कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 10 से 12 जुलाई तक प्रदेशभर के सभी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की तेज बौछार के साथ बिजली चमकने और तेज गर्जन की आशंका है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा से विकसित होगा उत्तरकाशी का श्री जगन्नाथ मंदिर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास देहरादून में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने डॉ. संबित पात्रा को श्री जगन्नाथ मंदिर, उत्तरकाशी के विकास में हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा से श्री जगन्नाथ मंदिर, उत्तरकाशी को विकसित किया जाएगा।



इस दौरान डॉ. संबित पात्रा ने मुख्यमंत्री से उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के साल्ड गांव में 12वीं शताब्दी में आदि गुरु शंकराचार्य जी द्वारा स्थापित श्री जगन्नाथ मंदिर के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ. संबित पात्रा ने मुख्यमंत्री से श्री जगन्नाथ मंदिर, उत्तरकाशी में नियमित रूप से पूजा-अर्चना, मंदिर को एएस-।आई से संरक्षण एवं महाप्रभु के भोग के लिए उचित व्यवस्था किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने मंदिर क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर उत्तराखंड राज्य के साथ पूरे देश की धरोहर है। उन्होंने कहा जगन्नाथ मंदिर उत्तरकाशी का संरक्षण कर उसका नव निर्माण कार्य एवं विस्तारीकरण किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता सतीश लखेड़ा भी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर मत्स्य पालकों को मिली सौगात

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर चमोली जिले के मत्स्य पालकों को विभाग की ओर से सौगात दी गई है। प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत ग्राम सुराई थोटा के धौली गंगा मत्स्यजीवी सहकारी समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह को मछलियों के विक्रय हेतु एक मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स का वितरण किया गया।



इसके अलावा पिण्डर घाटी के मत्स्य पालकों को मछलियों के विक्रय की व्यवस्था हेतु एक फिश कियोस्क/रेस्टोरेंट का शुभारंभ नारायणबगड में विधायक प्रतिनिधि एवं ब्लाक प्रमुख ने किया। इस फिश कियोस्क/रेस्टोरेंट के माध्यम से पिण्डर घाटी के किसानों को मछली बेचने के लिए एक सुरक्षित केन्द्र मिल गया है। सोमवार को राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मत्स्य पालकों को प्रोत्साहन के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मत्स्य निरीक्षक जगदंबा ने बताया कि विकासखंड जोशीमठ मुख्यालय में ब्लाक प्रमुख हरीश परमार की अध्यक्षता में मत्स्य पालकों के साथ एक संगोष्ठी आयोजित की गई। मत्स्य विभाग द्वारा जिले में पहली बार किसानों की मछली बेचने हेतु फिश कियोस्क और एक मत्स्य उत्पादन स्वयं सहायता समूह व मत्स्य जीवी सहकारी समिति के बीच अनुबंध भी कराया गया। इससे कियोस्क पर बराबर रूप से मछलियों की आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही मछली पालन से जुड़े दोनों समूहों को मछली बिक्री हेतु एक निश्चित एवं अनुबंधित केन्द्र भी मिल गया है। मत्स्य विभाग द्वारा पर्वतीय जिले में किसानों की मछलियों का विक्रय सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की पहली और सराहनीय पहल की गई है।

## गीतकार रवि डबराल को दी श्रद्धाजंलि

टिहरी : देवप्रयाग के महड़ जल्ली गांव के गीतकार, लोक गायक तथा रंगकर्मी स्व. रवि डबराल को देवप्रयाग में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उत्तराखंड की पृष्ठ भूमि पर लिखे उनके गीत खासे लोकप्रिय हुए थे।

देवप्रयाग तीर्थ पुरोहित समाज से जुड़े स्व. रवि डबराल का जन्म महड़ जल्ली गांव के ज्योतिष रमेश डबराल के घर हुआ था, उनके दादा डॉ. नारायण प्रसाद डबराल प्रसिद्ध वैद्य रहे। गीत संगीत और अभिनय में गहरी रुचि के चलते रवि डबराल बचपन से ही रामलीला के साथ सांस्कृतिक मंचों पर सक्रिय रहे। उन्होंने अपने गीतों की कई कैसेट निकालने के साथ गढ़वाली फिल्मों के लिये भी गीत लिखे।

उनका ह्यमेरा उत्तराखंड का भी कभी दिन आला, यू रूखा डांडों मां फल फूल खिल्या राला गीत काफी लोकप्रिय हुये थे।

# संख्या से ज्यादा पौधों को जीवित रखने पर करें फोकस : डीएम

टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मौजूदगी में हरेला पर्व मनाने को लेकर जनपद के समस्त विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक किशोर ने कहा कि इस बार हरेला पर्व पर संदेश देते हुए 5100 पौधों का रोपण नगर क्षेत्र में कर इन पौधों को जीवित रखने का संकल्प भी लिया जाय। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली का आयोजन भी वृहत रूप से किया जाय। बैठक में डीएम ने सभी विभागों को हरेला पर्व सहित पूरे वर्षाकाल में पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारण करते हुए विभागीय अधिकारियों से कहा कि हरेला पर्व को जनसहभागिता के साथ मनाया जाय। उपयोगिता व पर्यावरण अनुकूल पौधों व फलदार पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाय। लक्ष्य में संख्या से ज्यादा इस बात पर फोकस किया जाय कि किस तरह से पौधों को जीवित रखकर उनके जीवन को आगे बढ़ाया जाय। डीएम ने हरेला पर्व पर 5100 पौधों को रोपण करने के लिए विभागों को स्थान चयनित करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्बंधित विभागों को रोपण के लिए पौध उपलब्ध कराने को कहा। सड़कों के किनारे पौधों का रोपण ट्रीगार्ड के साथ करने को कहा। सीडीओ मनीष कुमार ने हरेला पर्व के अवसर पर हर घर पेड़ कार्यक्रम के के तहत पौधे रोपित किये जाने को विभागवार लक्ष्य निर्धारित किया। जनपद के सभी 75 न्याय पंचायतों में 10 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य रखते हुए प्रत्येक घर पर कम से कम 1 पौध रोपण करने पर जोर दिया गया। वन विभाग को 4 लाख, तहसील को 30 हजार, ब्लाकों को 90 हजार, शिक्षा विभाग को एक लाख, प्रत्येक नगर पालिका को 5 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया। बैठक में सीएमओ डा. मनु जैन, सीईओ एलएम चमोला, सीएओ अभिलाषा, सीवीओ आशुतोष, एआरटीओ चक्रपाणि, डीपीआरओ एमएम खान, आबकारी अधिकारी कैलाश बिंजोल सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मंडल महामंत्री बनी सुनीता सजवाण

नई टिहरी : भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश भट्ट की संस्तुति पर जौनपुर ओबीसी मोर्चा के मंडलाध्यक्ष ओम प्रकाश गौड़ ने सुनीता सजवाण को भाजपा ओबीसी मोर्चा जौनपुर मंडल का महामंत्री मनोनित किया है। नवनियुक्त महामंत्री ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी ईनमादारी से निर्वाह्व करेंगी।

## राष्ट्रीय कार्यशाला से लौटे ग्राम प्रधान का सम्मान



ऋद्धिकेश। केरल में आईएसओ सर्टिफिकेशन और पंचायती विषय पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला से लौटे रानीपोखरी प्रधान को कांग्रेसियों ने सम्मानित किया। ग्राम प्रधान ने कार्यशाला में प्राप्त अनुभव को साझा किया। प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि केरल के किला स्थित स्थानीय प्रशासन संस्थान में केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आईएसओ सर्टिफिकेशन और पंचायती विषय पर कार्यशाला हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि गौरव की बात है कि क्षेत्र के ग्राम प्रधान अन्य राज्यों में जा कर यहां का नाम रोशन कर रहे हैं। स्वागत करने वालों में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र नेगी करतार, नरेंद्र चौहान, पूर्णानंद तिवारी, रमेश सकलानी, बलवंत, बुद्धि प्रकाश जोशी, संदीप जयसवाल, प्रवेश कुमार, अनिल कोठियाल, पुष्पराज बहुगुणा, भगवान सिंह, ग्राम प्रधान संजीव नेगी, सुधीर सजवान आदि रहे।

## मोतीचूर के आगे ऑटो–टेंपो की नो–एंट्री

ऋषिकेश। मूसलाधार बारिश और डाक कांवड़ के चलते ऋषिकेश से हरिद्वार जाने वाले ऑटो–टेंपो अब मोतीचूर से आगे नहीं जा सकेंगे। ई–रिक्शा की एंट्री को भी पुलिस प्रशासन ने बंद कर दिया है। इससे आगे जाने के लिए शटल सेवा शुरू की गई है, जिसके जरिए यात्री हरिद्वार में प्रवेश करेंगे। हरिद्वार से ऋषिकेश आने वाले तिपहिया सवारी वाहनों को फिलहाल छूट दी गई है। मूसलाधार बारिश और डाक कांवड़ शुरू होने से यातायात को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने यह नया ट्रैफिक प्लान लागू किया है। ऋषिकेश से हरिद्वार आवाजाही से जुड़े इस प्लान की स्थानीय पुलिस को जानकारी नहीं है।

# केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध गीतकार श्री प्रसून जोशी ने भेंट की। इस अवसर पर कला एवं साहित्य क्षेत्र से जुड़े श्री सुधीर पाण्डे, श्रीमती शालिनी शाह, श्री प्रवीन काला, श्री अमित जोशी श्री राजेश शाह, श्री वरूण ढ़ौढ़ियाल एवं श्री गौरव ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया।



केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध गीतकार श्री प्रसून जोशी ने देहरादून में सांस्कृतिक केंद्र शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्मांकन की ओर फिल्मकारों का रूझान तेजी से बढ़ा है। उन्होंने यहां पर सांस्कृतिक केंद्र के साथ ही रिसर्च सेंटर बनाने का सुझाव भी दिया। इस सांस्कृतिक केंद्र में लिटरेचर फेस्टिवल एवं वर्कशॉप का आयोजन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पर आधारित विभिन्न कहानियों एवं यहां की कला व संस्कृति को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दिशा में भी हमें प्रयास करने होंगे। कलाकारों ने राज्य में वेब सीरीज के लिए सब्सिडी देने का सुझाव भी दिया, जिससे यहां फिल्म जगत से जुड़े लोगों का और आकर्षण बढ़ेगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य फिल्मकारों को देवभूमि उत्तराखण्ड आने के लिए आकर्षित कर रहा है। राज्य में फिल्मांकन के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जायेगा। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के जो भी सुझाव प्राप्त होते हैं, उन सुझावों को पूरी गम्भीरता से लिया जाता है।

### संक्षिप्त समाचार

## पूर्णाहुति के साथ श्रीराम कथा संपन्न

रूद्रप्रयाग : भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में श्री ओंकारेश्वर सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा पूर्णाहुति के साथ समाप्त हुई। नौ दिवसीय कथा के समापन अवसर पर भक्तों ने भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचिका राधिका जोशी केदारखण्डी ने कहा कि प्रभु राम हमारे आचरण और हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होने चाहिए। यही सबसे बड़ी भक्ति है। इस अवसर पर प्रमुख श्वेता पांडेय, नगर अध्यक्ष विजय राणा, पुजारी गुरुलिंग, शिवशंकर लिंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, आचार्य विनोद जमलोकी, विश्व मोहन जमलोकी, नवीन मैठाणी, राजन सेमवाल, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, प्रधान संदीप पुष्पवान, पूर्व प्रधान प्रकाश रावत, व्यवस्थापक राजेश्वरी सेमवाल, संयोजक सुन्दरी सिद्ध,अध्यक्ष कुवरी पुष्पवाण,कोषाध्यक्ष ऊषा भट्ट, बबिता भट्ट, मनवर सिंह, जितेन्द्र राणा, विभिन्न महिला मंगल दलो, कीर्तन मण्डलियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे। (एजेंसी)

## पहाड़ों में बढ़ी कांवड़ यात्रियों की चहल कदमी

रूद्रप्रयाग : भगवान शिव के प्रिय और पवित्र श्रावण माह में बड़ी संख्या में कांवड यात्री पहाड़ों में पहुंचने लगे हैं। हर दिन शिव भजनों के साथ कावड़ यात्रियों के वाहन शिव के प्राचीन मंदिरों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। विशेषरूप से केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ में हर दिन कांवड यात्री भगवान का जलाभिषेक कर रहे हैं।

## बोल्डर गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, हादसा टला

रूद्रप्रयाग : मुख्यालय से लगे औंण गांव में रविवार रात भारी बोल्डर गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान मकान के अंदर कोई रह नहीं रहा था अन्यथा जनहानि के रूप में बड़ा हादसा हो सकता था।

इधर, ग्राम प्रधान अनूप सेमवाल की सूचना पर राजस्व उपनिरीक्षक मोहम्मद शफीक अहमद ने रात को ही गांव का निरीक्षण किया।

# मरीजों को मिलेगी घर पर ही ऑक्सीजन की सुविधा

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश अब मरीजों को घर पर ही ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए एम्स ऋषिकेश और देवभूमि समिति देहरादून के बीच ऑक्सीजन सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए करार हुआ है। अब ऑक्सीजन की जरूरत वाले मरीजों को एम्स में भर्ती होने के बजाय घर पर ही ऑक्सीजन सिलेंडर की सुविधा मिल सकेगी।एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल ने बताया कि एम्स ऋषिकेश उत्तराखंड तथा समीपवर्ती राज्यों का सबसे बड़ा हायर सेंटर है। यहां गंभीरतम बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कई बार महज ऑक्सीजन की कमी से ग्रसित मरीजों को भी एम्स में भर्ती किए जाने से अन्य गंभीर मरीजों को बेड नहीं मिल पाता है। महज ऑक्सीजन की जरूरत वाले मरीजों को अन्य तरह के उपचार की आवश्यकता नहीं होने पर ऑक्सीजन सिलेंडर की सुविधा उनके घर पर ही सुलभ कराने के लिए यह अनुबंध किया गया है। देवभूमि समिति को एम्स की ओर से इस तरह के मरीजों के लिए 100 ऑक्सीजन सिलेंडर सिस्टम उपलब्ध कराए गए हैं। इससे एम्स में भर्ती होने वालों की संख्या में कमी आएगी और गंभीर बीमारी वाले मरीजों को बेड उपलब्ध हो सकेंगे। ऑक्सीजन संबंधी जरूरतमंद वाले मरीज इस सुविधा को घर बैठे निशुल्क प्राप्त करने के लिए देवभूमि समिति, 69 वाणी विहार, अधोईवाला, देहरादून से दूरभाष नंबर 09149133650, 08954287276 पर संपर्क कर सकते हैं।



## कैबिनेट मंत्री धन सिंह ने किया बीज बम अभियान का आनलाइन शुभारंभ

देहरादून। जड़ी बूटी एग्रो संस्थान(जाड़ी) के बीज बम अभियान का सोमवार को कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह ने अपने आवास से आनलाइन शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से जहां पर्यावरण बचेगा वहीं मानव और वन्यजीव संघर्ष भी रुकेगा। उन्होंने संस्था के संस्थापक द्वारिका प्रसाद सेमवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से शिक्षा विभाग भी इस अभियान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 40 लाख छात्र छात्राएं दो दो बीज बम बनाए और जंगलों में डाले तो अभियान को मजबूती मिलेगी। इससे मानव और वन्य जीवों के बीच बढ़े संघर्ष में कमी आएगी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरीः महेंद्र भट्ट

ऋषिकेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने हरेला पर्व के तहत पौधरोपण किया। दोनों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे रोपने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को जरूरी बताया। सोमवार को प्रगति विहार स्थित वन विभाग के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। महेंद्र भट्ट ने कहा कि हरेला सुख, समृद्धि और खुशहाली का पर्व है। हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण का त्योहार है। ऋग्वेद में भी हरियाली के प्रतीक हरेला का उल्लेख किया गया है। शास्त्रों में लिखा गया है कि एक पेड़ लगाने से एक यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पौधारोपण जितना हो सके करना चाहिये। पेड़–पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। इस दौरान सभी ने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के पुत्र पीयूष अग्रवाल के जन्मदिन पर आम, पीपल, तुलसी, लीची, बेलपत्र, नींबू सहित फलदार व छायादार पौधे रोपे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता शाह, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, समा पंवार, उषा जोशी, पुनिता भंडारी, अनिता तिवारी, मानवेन्द्र कण्डारी, प्रदीप कोहली, कमला नेगी, राजपाल ठाकुर, रूपेश गुप्ता, देवव्रत शर्मा, राकेश पारछा आदि उपस्थित रहे।

# युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाए प्रतिभा के रंग

देहरादून। नेहरू युवा केंद्र, सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप आफ कालेज व उत्तराखंड डिफेंस एकेडमी की ओर से सीआईएमएस कालेज में सोमवार को युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने खेल कूद से लेकर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। इस दौरान यंग आर्टिस्ट चित्रकला प्रतियोगिता में नैंसी जोशी ने और मोबाइल फोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता में आदित्य राजभर ने प्रथम स्थान पाया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विशिष्ट अतिथि सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट ललित मोहन जोशी और जिला युवा अधिकारी राजकुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में युवाओं को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। वह परीक्षाओं पर युवाओं से चर्चा करते हैं, युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करा रहे हैं। ऐसे में युवाओं को नया मंच देने के लिए महोत्सव एक अच्छी पहल है। एडवोकेट ललित जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से पिछले 9 सालो में युवाओं की दशा में बड़ा परिवर्तन हुआ है। वहीं नेहरू युवा केन्द्र देहरादून के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान युवाओं के लिए मोबाइल फोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता, युवा लेखन काव्य प्रस्तुति, यंग आर्टिस्ट चित्रकला प्रतियोगिता, सामूहिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागी को राज्य स्तर एवं राज्य स्तर के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा।

## मसूरी में बारिश से कारोबार हुआ प्रभावित

देहरादून। मसूरी में रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक हल्की धूप खिली रही। दोपहर एक बजे बाद चारों तरफ घना कोहरा छा गया और इसे वाहन चलाने वालों को भी परेशानी हुई। इस बीच बारिश होने की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा।

## भारत विकास परिषद ने किया डा. सूरज सहित पांच का सम्मान

देहरादून। भारत विकास परिषद द्रोण शाखा ने सोमवार को दून पुस्तकालय में डा. सूरज प्रकाश सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले पांच लोगों का सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। संस्था की प्रांतीय उपाध्य अरूणा चावला ने कहा कि डा. सूरज प्रकाश ने अपने अथक परिश्रम से एक छोटी सी संस्था की नीव रखी और जो अब एक वटवृक्ष में बदल चुकी है। विशिष्ट अतिथि राजकुमार नेगी व एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे, एस. पी ट्रैफिक ने कहा कि डॉक्टर सूरज प्रकाश में नेतृत्व की जन्मजात प्रतिभा थी। उनका व्यक्तित्व चुंबकीय था। इस अवसर पर हुकुम सिंह उनियाल (शिक्षा),डा. केबी जोशी (चिकित्सा), कुसुम देवी(स्वच्छता) व ज्ञानेंद्र कुमार (शिल्प कला) को अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

# राज्य आंदोलनकारियों का मांगों को लेकर सीएम आवास कूच, प्रदर्शन किया

देहरादून। सयुंक्त राज्य आंदोलनकारी मंच ने सोमवार को दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाल करने और चिन्हिकरण की मांग को लेकर सीएम आवास कूच किया। बहल चौक से नारेबाजी करते हुए आंदोलनकारी सीएम आवास की तरफ आगे बढ़े तो पुलिस ने हाथीबड़कला में बैरीकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सीएम से वार्ता का बुलावा आने पर आंदोलनकारी दोपहर तीन बजे बैरिकेडिंग से हटे। इस दौरान ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था।

दोपहर करीब बारह बजे राज्य आंदोलनकारी बहल चौक के समीप एकत्रित हुए। यहां वक्ताओं ने मांगें पूरी नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार अपना वायदा पूरा करे। कुछ देर बात सभी हाथों में पोस्टर आदि लेकर सीएम आवास की तरफ आगे बढ़ने लगे।

पुलिस ने उन्हें हाथीबड़कला में बैरीकेडिंग लगाकर रोक लिया। यहां आंदोलनकारियों ने नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए।

**पुलिस से हुई नोंक–झोंक**

राज्यभर से दून पहुंचे आंदोलनकारियों की हाथीबड़कला में रोकने पर पुलिस से नोंकझोंक भी हुई। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश प्रवक्ता व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि यदि अब भी आंदोलनकारियों की मांगें पूरी नहीं हुई तो आगे उग्र आंदोलन करेंगे। यहां एसडीएम ने उन्हें सीएम से वार्ता का भरोसा दिया। इसके बाद एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से वार्ता करने के लिए सचिवालय गया। इस दौरान धर्मेंद्र बिष्ट, शिवकुमार कटियार, सरोज कुमारी, मनोज कश्यप, लाखन चिलवाल, हेम पाठक, नवीन नथानी, राजेंद्र प्रसाद खुल्बे, लाल सिंह भंडारी, विनोद अस्वाल, पान सिंह सिजवाली, रईस अहमद, लीला बोरा, धनपाल सिंह, कुंवर सिंह पवार, वेद प्रकाश शर्मा, विक्रम भंडारी, उर्मिला शर्मा, रामकिशन, जगमोहन सिंह नेगी, मोहन सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस करेगी 12 जुलाई को मौन सत्याग्रह

ऋद्धिकेश।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने सहित अन्य मामलों को लेकर नाराजगी जताई। इसके विरोध में कांग्रेसी 12 जुलाई को देहरादून में मौन सत्याग्रह करेंगे।



सोमवार को डोईवाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित की। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि आज भारत में सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। संवैधानिक मूल्यों और प्रावधानों पर आक्रमण किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर संसद में सवाल पूछा गया, तो उनकी संसद सदस्यता तक खत्म करवाकर सरकारी आवास खाली करा लिया गया। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता देहरादून स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष 12 जुलाई को मौन सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता पहुंचेगे। डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र करतार नेगी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार राहुल गांधी को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल ने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है।

## साइकिल से 25 हजार किमी यात्रा पर निकली आशा जीओसी से मिली

देहरादून। साइकिल से देश भ्रमण पर निकली मध्य प्रदेश की आशा मालवीय सोमवार को देहरादून पहुंची। यहां उन्होंने सब एरिया कमांडर मेजर जनरल संजीव खत्री से मुलाकात की।

सब एरिया कमांडर ने भी आशा का हौसला बढ़ाया। सेना के पीआरओ देहरादून ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के राजघर जिले की रहने वाली पर्वतारोही और शौकिया साइकिल चालक आशा मालवीय साइकिल से देश के सभी राज्यों की यात्रा कर रही हैं। उन्हें 25 हजार किलोमीटर दूरी तय करनी है। यह सफर एक नवंबर 2022 को शुरू किया।

# नौकरी का झांसा देने वाले पुलिस कर्मी समेत दो पर मुकदमा

देहरादून। सचिवालय में नौकरी का झांसा देकर नौ लाख रुपये ठग लिए गए। ठगी में पुलिस विभाग के एक फॉलोअर समेत दो आरोपियों के खिलाफ नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी फॉलोअर पिछले दो साल से लापता है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि आईआरडीई से रिटायर धनीराम निवासी अपर नत्थनपुर ने तहरीर दी। बताया कि उनका बेटा प्राइवेट नौकरी करता है। दूधली डोईवाला निवासी रिश्तेदार श्याम सिंह उर्फ सागर सिंह ने जुलाई 2019 में विक्रम सिंह निवासी पुलिस लाइन सरकारी आवास टाइप–एक मूल निवासी कनेरा, सिमूसी, ढौंडियालस्यूं, थलीसैंण, पौड़ी से मिलवाया। झांसा दिया कि विक्रम पुलिस में है, उसकी बड़े–बड़े अधिकारियों से अच्छी जान पहचान है। पीड़ित के बेटे को सचिवालय में नौकरी का झांसा दिया और दस लाख रुपये खर्च बताया। आरोपियों ने जल्द नियुक्ति पत्र देने का झांसा देकर साल 2019 में ही नौ लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि इसके बाद से लगातार चक्कर कटा रहे हैं।

## समिति ने पेंशन प्रकरणों की समस्या पर की चर्चा

**कोटद्वार** : वन विकास निगम की सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की बैठक में पौधा रोपण करने, रूके डीए के भुगतान व पेंशन प्रकरणों पर चर्चा की गई।

घराट स्थित वन विकास निगम के सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रूके हुए डीए का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। साथ ही कई कर्मचारियों को पेंशन संबधी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। बैठक में इन मांगों को उच्चाधिकारियों को बताने का निर्णय लिया गया। मौके पर वर्षाकाल में पौध रोपण करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष आरपी पंत, अनिल कुकरेती, दिनेश घिल्डियाल, आरए खान, जगत सिंह, सीके असवाल, आरपी जोशी, मदनलाल शाह और सुरेश मधवाल आदि थे।

# आखिरी सांसें गिन रहा राजकीय हाईस्कूल पाटीसैंण का जीर्ण-शीर्ण भवन

### शिकायत के बाद भी विद्यालय भवन मरम्मत की नहीं ली जा रही सुध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भले ही सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के दावे कर रही हो। लेकिन धरातल की स्थिति कुछ और ही बयां कर रही है। हालत यह है कि राजकीय हाईस्कूल पाटीसैंण का भवन कई वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। बावजूद इसके भवन मरम्मत की सुध नहीं ली जा रही है। जबकि, अभिभावक कई बार शासन से भवन मरम्मत की मांग भी उठा चुके हैं। सबसे अधिक खतरा बरसात के समय बना रहता है।

अस्सी के दशक में राजकीय हाईस्कूल पाटीसैंण के भवन का निर्माण करवाया गया था।



जीर्ण-शीर्ण अवस्था में खड़ा विद्यालय का भवन

लेकिन, वर्तमान में यह भवन पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। विद्यालय भवन की छत का प्लास्टर लगातार झड़ रहा है। दीवारों पर जगह-जगह दरारें पड़ी हुई हैं। हल्की बरसात होने पर ही छत से पानी टपकने लगा है। इससे विद्यार्थियों को करंट का खतरा बना रहता है। दरवाजे व खिड़कियां पूरी तरह टूट चुकी हैं। दुर्घटना के डर से अभिभावक बच्चों को बरसात में स्कूल भेजने से भी डरते हैं। ग्राम सभा ग्वाड के प्रधान सुधीर कोहली ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में करीब 54 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कहा कि बीडीसी बैठक में विद्यालय भवन निर्माण का प्रस्ताव लाया गया है। उम्मीद है जल्द ही भवन मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए प्रभारी प्रधानाचार्य आरएस डेविड ने बताया कि वह इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं।

# वन रैंक, वन पेंशन में आई विसंगतियों को दूर करें सरकार

### कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : महानगर कांग्रेस व यूथ कांग्रेस ने गौरव सैनिकों और वीर नारियों की वन रैंक, वन पेंशन योजना में आई विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। कहा कि सरकार को सैनिकों व उनके परिवार के हित को लेकर गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

कार्यकर्ताओं ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। बताया गया है कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में गौरव सेनानी व वीर नारियां वन रैंक, वन पेंशन-2 में आई विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन


उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

उनकी मांगों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। कहा कि विसंगतियों को दूर करना आवश्यक है। ज्ञापन में सैनिक विधवाओं व वीर नारियों की पेंशन भी सर्विस पेंशन के समान करने, सभी रैंकों के लिए अपंग व विकलांग पेंशन व मिलिट्री सर्विस पे बराबर करने, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वाले पूर्व सैनिकों को समान पद, समान पेंशन का लाभ देने व सैन्य कर्मियों के लिए पृथक वेतन आयोग का गठन करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में धीरेंद्र सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रावत, सुदर्शन रावत, अंकुश घिल्डियाल, प्रमोद रावत, राजा आर्य, सुधा असवाल और तनिष्क डबराल आदि थे।

# नौकरी, पेंशन व अन्य सुविधाओं के लिए गुरिल्लाओं ने निकाली रथ यात्रा

### यमकेश्वर महादेव शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद निकाली गई रथ यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नौकरी, पेंशन व अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर एसएसबी गुरिल्लाओं ने यमकेश्वर में जन जागरण रथ यात्रा निकाली। इस दौरान गुरिल्लाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि गुरिल्ला पिछले कई वर्षों से समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे हैं। बावजूद उनकी अनदेखी की जा रही है।

यमकेश्वर महादेव शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद जन जागरण रथ यात्रा शुरू की और कांडी तक नारेबाजी के साथ यात्रा निकाली। कांडी में आयोजित बैठक में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नंद डालाकोटी ने कहा कि नौकरी पेंशन की मांग के अलावा हमारे कई गुरिल्ला साथी सत्यापन न हो पाने से परेशान हैं। केंद्र सरकार ने एसएसबी गुरिल्लाों का समायोजन का प्रस्ताव मांगकर और 2015 में भौतिक सत्यापन कर उन्हें नौकरी और पेंशन देने का आश्वासन दिया था। सरकार ने लोनिवि में भी नियुक्ति का शासनादेश जारी किया था लेकिन आज तक गुरिल्लाओं के पक्ष में कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए एकजुट होकर आरपार की लड़ाई का आह्वान किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष बृजमोहन, सुखबीर सिंह रमेशचंद्र, दीपक ग्वाड़ी, गोविंद सिंह, सुनीता देवी, देवेश्वरी, माया देवी, रघुनंदन सिंह, मोहनलाल सहित बड़ी संख्या में गुरिल्ले उपस्थित रहे।

# नयार नदी में मत्स्य सीड किए प्रवाहित

### राष्ट्रीय मत्स्य पालन दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम


नयार नदी में मत्स्य जीवों को प्रवाहित करते ब्लॉक प्रमुख व अन्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर सोमवार को ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा ने नयार नदी बांघाट में मत्स्य जीवों को प्रवाहित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण व युवाओं से स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत करने की भी अपील की।

मत्स्य विभाग व समूह पलायन एवं चिंतन के संयुक्त तत्वाधान में रीवर रीचिंग कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने नयार नदी सीला बांघाट के पुल के नीचे पचास हजार मत्स्य सीड नयार नदी में प्रवाहित किए। इनमें रोहू एव सिल्वर कार्प प्रजाति की मछली के छोटे बच्चे शामिल थे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जलचर जीवों एवं मछलियों के संवर्धन हेतु जनता को जागरूक होना चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, अजय रावत, अनिल बहुगुणा, कृष्णा काला, प्रधान बिलखेत सुमित्रा देवी, प्रधान संगठन अध्यक्ष द्वारीखाल अर्जुन सिंह नेगी, मनमोहन बिष्ट, राकेश असवाल, पत्रकार जगमोहन डांगी, प्रेम प्रकाश कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# सुभाष व नेहरू सदन रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में 1 से 8 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। सप्ताह के अंतर्गत विविध प्रकार की गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में सुभाष व नेहरू सदन प्रथम स्थान पर रहा।

छठवीं से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए उत्तराखंड के राष्ट्रीय उद्यान तथा वन्य संपदा पर आधारित कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में सुभाष और नेहरू सदन प्रथम तथा शिवाजी सदन द्वितीय स्थान पर रहा।

जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जंगलों में लगने वाली आग के कारण और निवारण विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में नेहरू सदन के देवेंद्र बिष्ट प्रथम, सुभाष सदन की प्राची द्वितीय तथा टैगोर सदन की नंदिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए माँ स्वरूपा प्रकृति विषय पर आयोजित ड्रॉइंग प्रतियोगिता में स्वप्निल प्रथम, सानवी, कौशल तथा अर्णव ठाकुर द्वितीय व आलिया तथा आद्या रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा एनसीसी कैडेट्स ने शिक्षक गोविंद सिंह मिंगवाल के नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि वृक्ष न केवल वर्तमान अपितु भविष्य के जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और हमें इस जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## धर्मशाला को मदद देने की आशवासन

**कोटद्वार** : हिंदू समाज पार्टी ने कौड़िया काली मंदिर के समीप बनी धर्मशाला को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। सोमवार को आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष अपूर्वा भारद्वाज ने कहा कि कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से काली मंदिर को दान पात्र दिया गया है। जल्द ही इसके समीप बनी धर्मशाल में शौचालय की व्यवस्था के साथ ही, पानी की टंकी, कुर्सी व अन्य व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर नितिन शर्मा, सनोज कुमार, विनोद पंवार, अशोक कुमार, राजाराम रावत, दीपक रावत आदि मौजूद रहे।

## वैश्य अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कोटद्वार** : श्री वैश्य अग्रवाल सभा के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनियता की शपथ ली। इस दौरान पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने का भी संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि सीता गुप्ता ने नव नियुक्त अध्यक्ष सुबोध गर्ग, महामंत्री नरेंद्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलवाई। इस मौके पर सभा के संरक्षक राकेश गर्ग, दिनेश ऐरन, सरत चंद्र गुप्ता, सतीश अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, विनोद लाल, वेद प्रकाश गिलरा, प्रदीप अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुस्ता ढहने से हादसों का अंदेशा, सिस्टम ने फेरा मुंह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीरोंखाल क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श इंटर कालेज के समीप क्षतिग्रस्त पुस्ता हादसों को न्यौता दे रहा है। तेज बारिश होने पर पुस्ते के पत्थर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे हैं। ग्रामीणों व व्यापारियों ने जल्द पुस्ता मरम्मत की मांग की है। व्यापार मंडल विकास समिति बीरोंखाल के बैनर तले व्यापारियों ने वन विभाग को ज्ञापन दिया। बताया कि आदर्श इंटर कालेज के समीप एक एक पुस्ता क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। पुस्ते से बड़े-बड़े पत्थर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे हैं, जिससे आवाजाही करने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों को बना हुआ है। शिकायत के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंच रहे। व्यापारियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि क्षेत्रवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर रोशन कुमार, नरोत्तम, अनिल सिंह, प्रमोद सिंह, दीपमाला देवी, जसुली देवी आदि मौजूद रहे।


बीरोंखाल क्षेत्र में ढहा पुस्ता

# 12 से 25 अक्तूबर को होगी दुगड्डा की ऐतिहासिक रामलीला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रामलीला कमेटी दुगड्डा की वार्षिक बैठक में दुगड्डा की ऐतिहासिक रामलीला के 123वें मंचन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही रामलीला के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सोमवार को दुगड्डा में आयोजित बैठक में 12 से 25 अक्तूबर तक रामलीला का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। रामलीला के सफल मंचन के लिए संदीप नेगी, वीरेंद्र शाह, नरेंद्र, गिरीश चंद्र और विक्रम सिंह को संरक्षक बनाया गया। नितेश ठाकुर को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष, शम्मी, राजेंद्र, देवेंद्र और राजीव अग्रवाल को उपाध्यक्ष, योगेंद्र बिष्ट को महामंत्री, राजेंद्र प्रसाद को सचिव, संजीव कोटनाला और सन्नी राजपूत को निर्देशक, सौरभ और राहुल को सह सचिव, विजय पसबोला और इंद्र राणा को मंत्री, नरेंद्र और संपीद को संगीत निर्देशक, प्रदीप बडोला को मीडिया प्रभारी और राम सिंह, अनूप, अमन, शर्वेंद्र, शरीफ, विनायक, बृजू, मनोज, हरेंद्र को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मीडिया प्रभारी प्रदीप बडोला ने बताया कि इस वर्ष 123वें रामलीला के मंचन में महिला पात्रों का अभिनय महिला कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। रामलीला के अंतिम दिन दशहरा मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रोपेगें एक पौधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन बहाली के लिए 12 जुलाई को एक पौधा पुरानी पेंशन बहाली हेतु अभियान चलाएगा। मोर्चा काफी समय से पुरानी पेंशल बहाली की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने बताया कि मोर्चा पिछले लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठा रहा है। लेकिन सरकार उनकी जायज मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि नई पेंशन योजना लागू होने के बाद से कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। नई पेंशन योजना कर्मचारियों के साथ धोखा है। नई पेंशन योजना से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 500 से लेकर 1 हजार तक पेंशन मिल रही है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए 12 जुलाई को सभी कर्मचारी एक पौधा पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत एक-एक पौधा लगाते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करेंगे।

## कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने दिया इस्तीफा

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के पूर्व सह-सचिव प्रदीप जोशी ने कांग्रेस कीर्तिनगर ब्लॉक के मीडिया प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता को भी छोड़ दिया है। प्रदीप जोशी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने उनकी बहन ममता बहुगुणा के प्रकरण में कोई साथ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कांग्रेस पदाधिकारियों से कई बार इस प्रकरण को प्रदेश स्तर पर उठाने को लेकर अपील की गई। लेकिन इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। (एजेंसी)

## जेई परीक्षा तिथि जल्द घोषित करने की मांग

**श्रीनगर गढ़वाल** : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की कनिष्ठ अभियंता की रिक्त पदों पर विज्ञप्ति जारी न होने पर अभ्यार्थियों में गहरा रोष व्याप्त है। अभ्यार्थियों ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता के विभिन्न विभागों में विज्ञापित पदों के सापेक्ष मई 2022 में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम अगस्त 2022 में घोषित किया गया था।

लेकिन परीक्षा में धांधली होने के चलते भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया गया। अपने बलबूते परीक्षा में पास हुए अभ्याथियों को इसका नुकसान झेलना पड़ा। अभ्यर्थियों ने कहा कि एई परीक्षा को भी निरस्त कर उसकी अगली परीक्षा की तिथि अगस्त 2023 में निर्धारित की गई है। जबकि जेई की परीक्षा तिथि जल्द निर्धारित करने को कहा गया था, लेकिन अभी तक उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई है। जिससे अभ्यार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने जल्द से जेई की परीक्षा तिथि घोषित किए जाने की मांग की। (एजेंसी)

# बीए और बीएससी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू


राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए छात्रा।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में सोमवार से समर्थ पोर्टल के जरिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। प्राचार्य ने प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं से निर्धारित तिथि तक प्रवेश लेने की अपील की है।

सोमवार को बीए व बीएससी प्रथम सेमेस्टर के लिए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल के निर्देशन में वरियता क्रम के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई। प्रवेश लेने आए छात्र-छात्राओं को माइनर इलेक्टिव और वोकेशनल विषयों के बारे में भी बताया गया। बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश संयोजक डॉ. विकास प्रताप सिंह, सदस्य डॉ. मीनू बुटोला, डॉ. गिरीश चन्द्र आर्य और बीएससी के संयोजक डॉ. छाया सिंह, सदस्य डॉ. दुदुन मेहता, डॉ. विक्रम रौतेला, डॉ. विनोद कुमार ने नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश संबंधी प्रक्रिया के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। प्रवेश को लेकर सभी आवश्यक दस्तावेज़ के बारे में भी बताया गया।

## अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे लोग

**श्रीनगर गढ़वाल** : जस्टिस फॉर अंकिता कमेटी द्वारा अंकिता भंडारी केस में सरकारी वकील को हटाने व केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अंकिता की मां सोनी देवी व पिता वीरेंद्र भंडारी भी शामिल रहे। उन्होंने इस दौरान सरकार पर अंकिता केस को कमजोर करने व उनकी उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया। कहा सरकार ने जो उनके साथ वायदा किया था उन पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ की सहसचिव रंजना, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान, गंगा असनोड़ा थपलियाल, रेशमा पंवार, ट्रेड यूनियन नेता पीबी डोभाल, एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के डॉ. मुकेश सेमवाल, संदीप कुमार, हिमानी, मयंक, भानु के साथ ही महिला संगठन की ओर से विजेता सेमवाल, विनीता खंडूरी, रचना भट्ट, सुरजी उनियाल, सरस्वती नेगी, यूकेडी के अर्जुन नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# सत्यापन को लेकर गुरिल्लों ने किया प्रदर्शन, पीएम, गृहमंत्री और सीएम को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के बैनर तले पौड़ी में गुरिल्लों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि गुरिल्लों द्वारा लंबे समय से उनका समायोजन करने की मांग उठाई जा रही है। लेकिन सरकार द्वारा लगातार उनकी उपेक्षा की जा रही है। कहा कि सरकार शीघ्र ही सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करना भी शुरू करे। जिससे कि गुरिल्लों को उनके अधिकार मिल सकें।

बैठक में उन्होंने सभी गुरिल्लों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके बाद गुरिल्लाओं ने रैली निकालते हुए डीएम कार्यालय में डीएम के माध्यम से प्रदेश के सीएम, देश के गृहमंत्री, देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि सरकार देश की सीमाओं से आंतकियों के घुसने की बात तो करती है लेकिन इसे रोकने के लिए कोई उपाय नहीं कर रही है। कहा कि गुरिल्ला सीमा सुरक्षा प्रणाली ही इस घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। उन्होंने ज्ञापन भेजते हुए गुरिल्लों की समस्याओं का समाधान करने, सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करने, सीएम द्वारा जारी शासनादेशों व समय-समय पर लिए गये निर्णयों पर कार्यवाई की मांग उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मान सिंह, कुंदन सिंह, रवींद्र पटवाल, संतलाल, एपी सुंदरियाल, मधुरमा रावत, सावित्री रावत, गुड्डी, शकुंतला, लक्ष्मी आदि शामिल थे।

# पूर्व दर्जा मंत्री ने अधिकारियों से की वर्षा प्रभावित परिवारों की सहायता की मांग



अल्मोड़ा। घुरसों ग्रामसभा में विगत दिनों की बारिश से दो मकानों को हुए नुकसान की सूचना पर सोमवार सुबह पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक अपने साथियों के साथ अल्मोड़ा नगर से सटी घुरसों ग्रामसभा पहुंचे एवं नुकसान का जायजा लिया। वर्षा से खीमराम का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है और दिनेश कुमार का मकान लगभग क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है। कर्नाटक ने मौके पर जाकर दोनों व्यक्तियों के परिवारों से मिलकर उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया तथा सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर वर्षा से पीड़ित दोनों परिवारों की सहायता करने की मांग की। इसके साथ ही काफी बदतर स्थिति में जीर्ण शीर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केन्द्र को व्यवस्थित करने के लिए भी मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं सक्षम अधिकारियों से वार्ता की। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड बनने के 22 वर्ष बाद भी आज घुरसों ग्रामसभा की हालत काफी दयनीय है। विकास के नाम पर वहां टूटे रास्ते, क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केन्द्र के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सांसदों के द्वारा जो गांवों को गोद लेने का ढिंढोरा पीटा गया था उस ढिंढोरे में क्या किसी भी सांसद ने घुरसों ग्रामसभा को गोद लेना उचित नहीं समझा?

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में हम पलायन रोकने की कल्पना भी नहीं कर सकते।

## सड़क बंद होने से ग्रामीण परेशान

चम्पावत : चम्पावत में बारिश से 13 सड़कें बंद चल रही हैं। एक राज्य मार्ग समेत 12 सड़कों में वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। सड़क बंद होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भारी बारिश से चम्पावत की 13 सड़कें बंद हो गई। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें एक राज्य और 12 ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। बारिश से ककराली-भैरव मंदिर राज्य मार्ग लंबे समय से बंद चल रहा है। जबकि लोनिवि लोहाघाट की चार, पीएमजीएसवाई चम्पावत की तीन और पीएमजीएसवाई लोहाघाट की पांच ग्रामीण सड़कें बंद चल रही हैं। लोनिवि लोहाघाट की रीठाखाल-मनटांडे, तिमलागूंठ-सिब्योलीगूंठ, कामाज्यूला-भनार और बैड़ा-लुवाकोट सड़क बंद चल रही है।

# न्यू लाइट स्कूल के छात्रों ने जीते गोल्ड, सिल्वर मेडल




रुद्रपुर : जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता की छात्रा अनुष्का राणा ने 11 वर्ष में गोल्ड मेडल, गुरप्रीत कौर ने 12 वर्ष में सिल्वर मेडल और भूपेंद्र सिंह ने 13 वर्ष में सिल्वर मेडल जीते हैं। रविवार को हीरा गार्डन जसपुर में पेंचक सिलाट प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता के तीन छात्रों ने पदक जीते हैं। सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने तीनों छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान को शील्ड देकर सम्मानित किया। एएसपी काशीपुर अभय सिंह, उत्तराखंड एथलेटिक्स सेलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र चौधरी, श्लोक भारद्वाज, जगमोहन सिंह, बबलू दिवाकर, मुकेश यादव, विद्यालय प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा, प्रधानाचार्य एके दास, प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान, न्यू लाइट स्टाफ नवनीत कौर, मनीषा जीना ने सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। (एजेंसी)

# मछली पालन को बढ़ावा देने को दी जा रही सुविधाओं की दी जानकारी

काशीपुर। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने मछली पालकों और किसानों को मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मछली पालकों ने उत्पादक मछलियों के लिए बाजार की समस्याएं बताईं। सोमवार को विश्व मत्स्य पालन दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में मछली पालकों और मत्स्य अधिकारियों की गोष्ठी का आयोजन किया। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने कहा कि आजादी के बाद देश में गंभीर खाद्यान्न संकट था। तब सरकार ने विदेशों से जल्दी तैयार होने वाली मछलियों की प्रजातियों को मंगाया और देशभर में उत्पादन कराया। सहायक निदेशक मत्स्य पालन संजय छिमवाल ने कहा कि सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में अनुसूचित जाति जनजाति व सामान्य वर्ग के लोगों को मछली पालन के तालाबों के क्षेत्रफल के हिसाब से ऋण और अनुदान योजनाएं हैं। यूएस नगर मत्स्य पालन में अग्रणीय जिला है। मत्स्य पालन अधिकारी डॉ. एसके शर्मा ने बताया कि काशीपुर–बाजपुर क्षेत्र में मछली पालन का कारोबार अच्छा चल रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी, वैज्ञानिक मछली पालकों को समय–समय पर मार्गदर्शन देते हैं। प्रमुख मछली पालक रूपम ने बताया कि सरकार मछली पालन को तो बढ़ावा दे रही है, लेकिन साल में अधिकांश महीने मछलियों के सही दाम नहीं मिलता है। इस दौरान रविंद्र कुमार, संजीव कुमार, विकास कुमार, राजीव प्रियादर्शी, अवनीश कुमार, एनएसी के पूर्व चेयरमैन वीके गौड़, डॉ. प्रभा सिंह आदि मौजूद रहे।

## पति से परेशान महिला पहुंची थाना

नैनीताल : तल्लीताल निवासी एक महिला के पति की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। बीते वर्ष उसने गौलापार हाल निवासी फेरी लगाने वाले दूसरे धर्म के एक युवक के साथ विवाह कर लिया। और अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ उसके साथ रहने लगी। इस बीच महिला अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ अपने पूर्व के ससुराल आई तो वह वापस जाने को तैयार नहीं हुई। जब उसके ससुरालियों ने उससे पूछताछ कि तो उसने अपने वर्तमान पति पर उसके धर्म के नियमों के तहत रहने का दबाव बनाने का अरोप लगाया।

## जिला अस्पताल में एक्सरे कराने पहुंची महिला की सोने की चेन चोरी

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जिला अस्पताल में चोर ने उपचार के लिए पहुंची एक बुजुर्ग महिला की सोने की चेन शातिराना अंदाज में पार कर दी। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज में टप्पेबाज कैद हुआ है। भैसियाछाना ब्लॉक के कांचुला गांव निवासी जानकी देवी परिजन के साथ अल्मोड़ा जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची थी। यहां डॉक्टर ने उन्हें एक्सरे के लिए भेजा। इसके बाद बुजुर्ग महिला अपने भतीजे के साथ एक्सरे कराने पहुंची। यहां महिला ने सोने की चेन उतारकर अपने भतीजे को दे दी। इसके बाद भतीजा एक्सरे कक्ष के बाहर इंतजार करने लगा। इसी बीच एक अनजान व्यक्ति वहां पहुंचा, उसने बुजुर्ग महिला के भतीजे मनीष से कहा कि एक्सरे में महिला चेन मांग रही हैं।

# जनसंवाद कार्यक्रम में फरियादियों का लगा तांता



रुद्रपुर : विधायक तिलकराज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। सोमवार को आवास विकास स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में फरियादियों का तांता लगा रहा। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखीं। पंत कालोनी निवासी महेश चन्द्र पंत व ममता गाबा ने आर्थिक मदद, वार्ड दो की भगवान देई, कुसमा, रेखा, लक्ष्मी, अनीता, ओमवती ने सड़क निर्माण कराए जाने, वार्ड 11 निवासी सुनीता व अनीता ने राशन कार्ड, ग्राम छिनकी निवासी नासिर अली, रिहासत, साजिदा, भूरे, रोहित, गुड्डू, हनीफ आदि ने गांव में 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगवाने, वार्ड 15 से निखिल, जगदीश सक्सेना, विशाल गंगवाल, पूरन लाल ने सड़क बनवाने का आग्रह किया। विधायक ने सभी समस्याओं के शीघ्र निदान का भरोसा दिया। (एजेंसी)

# चौखुटिया से लापता नाबालिग नोएडा से बरामद, आरोपी गिरफ्तार



अल्मोड़ा। जनपद के चौखुटिया तहसील से लापता नाबालिग लड़की को रविवार को नोएडा यूपी से बरामद किया है। बीती 05 जुलाई को चौखुटिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी 17 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी के संबंध में थाना चौखुटिया में तहरीर दी थी, जिस पर तत्काल एफआ-ईआर दर्ज की गई।

क्षेत्र से नाबालिग के लापता होने पर रविवार को स्थानीय लोगों व हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर चौखुटिया में जनाक्रेश रैली भी निकाली। उन्होंने पुलिस–प्रशासन से नाबालिग की खोजबीन जल्द करने की मांग की। किशोरी की गुमशुदगी पर रामचन्द्र राजगुरु एसएसपी अल्मोड़ा ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सीओ रानीखेत, थानाध्यक्ष चौखुटिया व एसओजी प्रभारी को गुमशुदा नाबालिग बालिका की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ रानीखेत टीआर वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार व एसओजी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में गठित टीमें गुमशुदा नाबालिग बालिका की तलाश हेतु उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में रवाना होकर खोजबीन शुरु की गई। पुलिस टीमों ने साईबर सैल की मदद से सुरागरसी–पतारसी कर नाबालिग बालिका की तलाश के लिए उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में दिन–रात तलाशी अभियान चलाया।

## किसान कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं जिम्मेदारियां

काशीपुर। किसान कांग्रेस को मजबूती देने के उद्देश्य से किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग ने सक्रिय कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पूरन सिंह बिष्ट को प्रदेश सचिव व लाल सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि विजय सिंह जिला उपाध्यक्ष, लीलाधर सैनी, परविंदर सिंह, वीर सिंह जिला सचिव, गुरपेज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष व परमजीत हांडा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए गए। सोमवार को सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे गए। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की तथा कांग्रेस की मजबूती का संकल्प जताया। प्रदेश अध्यक्ष ढिल्लन ने कहा कि किसान कांग्रेस लगातार किसानों के हक की आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त जनता तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। जनता का कांग्रेस में एक बार फिर विश्वास बढ़ा है।

# क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को दें सूचना

बागेश्वर। दो विकास खंडों के मध्य जौरासी के मां भगवती मंदिर प्रांगण में सोमवार को स्थानीय लोगों ने बैठक आयोजित की। व्यापार संघ जौरासी की ओर से हुई बैठक में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की मांग उठाई।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ रहीं है। इससे भय का माहौल है। बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सभी से एकजुट होने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि घटनाओं को रोकने के लिए मकान किरायेदारों का सत्यापन कराए। अपील की गई कि बगैर पुलिस सत्यापन व आधारकार्ड के किसी भी अनजान व बाहरी व्यक्ति को मकान, दुकान या होटल किराये पर न दें और न ही किसी फेरीवालों को गांव व बाजार की सीमा में आने दें। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन और अपने ग्राम पंचायत के प्रधान को दें। अध्यक्षता व्यपार संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह और संचालन हंसा दत्त शर्मा ने किया। यहां मंदिर समिति अध्यक्ष ख्याल सिंह रावत, कुंदन पटवाल, लाल गिरी, कृपाल पटवाल, प्रधान प्रकाश पंचोली, भगवती देवी, राधिका शर्मा, भगवत सिंह, भगवती घुघत्याल, पुष्पा देवी, कृपाल पटवाल, गजेंद्र सिंह, भीम सिंह, गणेश ढौडियाल, भगवत सिंह आदि मौजूद रहे।

## तहसीलदार ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोका

रुद्रपुर : तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने तहसील में बनाए गए आपदा कंट्रोल रूम का रविवार की रात औचक निरीक्षण किया। यहां ड्यूटी में तैनात विनोद कुमार दुबे और राहुल सिंह अनुपस्थित पाए गए। तहसीलदार ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार ने कहा कि इन दिनों आपदा को लेकर प्रदेश में रेड अलर्ट है। इसके बाबजूद कर्मचारी आपदा ड्यूटी से नदारद मिले।

# 110 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर : पुलभट्टा पुलिस ने 110 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक हजार रुपये नगद और एक मोबाइल बरामद कर उसकी बाइक को सीज कर दिया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रविवार शाम पुलभट्टा पुलिस गौला नदी के पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने किच्छा की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार के भागने पर पुलिस ने उसे पीछा कर रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना नाम जसविन्दर सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी बमनपुरी भागीरथ शारदापुरी पूरनपुर, जिला पीलीभीत बताया।

आरोपी ने बताया कि वह काफी समय से स्मैक की तस्करी कर रहा है। पकड़ी गई स्मैक वह बरेली से लेकर आ रहा था। वह इसे ग्राम दरऊ के रास्ते सितारंगज बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस टीम में एसआई पवन जोशी, सुरेश पसबोला, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह और चारू पंत रहे। (एजेंसी)

## मंडी समिति ने 80 रुपये किलो की दर से बेचा टमाटर

काशीपुर। बाजार में टमाटर की महंगी दरों के मद्देनजर मंडी समिति ने सोमवार को स्टॉल लगाकर 80 रुपये प्रति किग्रा की दर से टमाटर का विक्रय किया। मंडी सचिव शैलेंद्र माहरा ने बताया कि टमाटर के बढ़ते हुए भावों को देखते हुए व्यापारियों के साथ बैठक की गई। व्यापारियों के सहयोग से स्टॉल लगाकर कम दाम पर टमाटर बेचे गए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिकतम एक किलो टमाटर का विक्रय किया गया। उन्होंने नागरिकों से सस्ती दरों में टमाटर खरीदने की अपील की है।

# परीक्षा के नतीजे आए बगैर फीस लेने पर छात्रों ने जताई आपत्ति



बागेश्वर। बद्रीदत्त पांडे कैंपस की बेवसाइड पर ली जा रही फीस पर छात्रों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज छात्रों ने निदेशक को ज्ञापन सौंपकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही समय पर नतीजे घोषित करने की मांग की है। छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपांशु भट्ट के नेतृत्व में छात्र सोमवार को कैंपस के निदेशक डॉ. दीपा कुमारी से मिले। उन्हें अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि सोबन सिंह जीना विवि ने अभी तक परीक्षा परिणाम तक घोषित नहीं किए हैं। पूर्व में अंकतालिकाओं में हुई गड़बड़ियों को भी दूर नहीं किया गया है। उन्होंने अंकतालिकाओं में सुधार होने तथा परीक्षाफल घोषित होने तक छात्रों को अस्थायी प्रवेश दिया जाए। इस दौरान उनसे किसी भी प्रकार की फीस न ली जाए। स्थायी प्रवेश के दौरान ही फीस लेने की मांग की। अस्थायी प्रवेश के दौरान फीस लेने के बाद यदि कोई छात्र अनुतीर्ण होता है तो उसकी फीस फंस जाएगी।

# नाला बनाने को लेकर कार्यदायी संस्था एवं रोडवेज परिवहन के बीच हुई तकरार, सुलझा मामला



अल्मोड़ा। नगर में स्थित रोडवेज वर्कशाप के पास बन रहे नाले को लेकर कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग एवं रोडवेज परिवहन के अधिकारियों के बीच विवाद हो गया। विगत दिनों सिंचाई विभाग के द्वारा जब नाला निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई तो रोडवेज के कर्मचारियों द्वारा यह कहकर कि उक्त जमीन जिस पर नाला बनना है इसका कुछ हिस्सा रोडवेज परिवहन का है कार्य रूकवा दिया गया। सभासद अमित साह की जानकारी में पूरा मामला आने पर वे मौके पर पहुंचे तथा सिंचाई विभाग, नगरपालिका के अमीन एवं रोडवेज परिवहन के अधिकारियों से वार्ता की। जिस पर रोडवेज परिवहन के सहायक महाप्रबंधक का कहना था कि कार्यदायी संस्था द्वारा उनके विभाग की कुछ भूमि को खुर्द बुर्द किया जा रहा था इसलिए हमने कार्य रूकवाया। मामले में रोडवेज परिवहन के अधिकारी द्वारा आज सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं सभासद अमित साह मोनू की मौजूदगी में विवाद को सुलझाते हुए कहा गया कि हमें कोई आपत्ति नहीं है।

## अश्विनी आर्य बने जेएनयू में प्रोफेसर

चम्पावत : मूल रूप से लधियाघाटी के रहने वाले अश्विनी कुमार आर्य जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर बने हैं। उन्होंने चम्पावत जिले का नाम रोशन किया है। डॉ. अश्विनी की प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर पाटी, इंटर की शिक्षा लोहाघाट जीआईसी से हुई। इसके बाद उन्होंने से पौड़ी इंजीनियरिंग कालेज से स्नातक के बाद पंतनगर से एमटेक किया। वह आईआईटी रुड़की से पीएचडी भी हैं। डॉ. आर्य ने आरएएफ एंड माइक्रोवेव के क्षेत्र में अनुसंधान करने के साथ विभिन्न देशों में अनुसंधान में प्रेजेंटेशन भी किया है।

# कांग्रेस व आप नेताओं ने उठाए ऑलवेदर सड़क पर सवाल

चम्पावत : चम्पावत में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ऑलवेदर सड़क की हालत पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है 1300 करोड़ से अधिक खर्च करने के बाद भी लोग सुगम सफर से वंचित हैं।

पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने कहा कि सरकार ने बगैर सोचे समझे ऑलवेदर सड़ पर प्रयोग हैं। कहा कि जिस एनएच पर सरकार ने करोड़ों खर्च किए हैं, उसमें बरसात के दौरान यातायात में क्यों दिक्कत आ रही है? कहा कि पहाड़ियों का सुनियोजित तरीके से ट्रीटमेंट होता तो 24 घंटे इस मार्ग पर यातायात सुचारू रहता।

इधर आप के पूर्व विधायक प्रत्याशी रहे मदन महर ने चम्पावत टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अभी तक डेंजर जोन का ट्रीटमेंट न करने पर नाराजगी जताई। कहा कि हल्की बारिश में एनएच स्वाला व धौन के पास बंद हो रहा है। कहा कि हर हफ्ते यहां से आला अधिकारी गुजरते हैं लेकिन किसी को कोई कर्फ नहीं पड़ता। एनएच के एई विवेक सक्सेना ने बताया कि ककराली गेट से लेकर भारतोली तक 28 डेंजर जोन का चिन्हीकरण किया गया है। जिसमें स्वाला की पहाड़ी भी शामिल है। 115 करोड़ रुपए की लागत से टीट्रमेंट का कार्य शुरू हो चुका है। (एजेंसी)

# रोड़ कटिंग के दौरान प्राकृतिक जल स्रोत प्रभावित न हो : धामी

## अखरोट, बांस एवं औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर कार्य करें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड @ 25 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई अल्प, मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे विकास, मंदिर माला मिशन के तहत हो रहे कार्यों, विभिन्न शहरों के विकास एवं भविष्य की सम्भावनाओं को देखते हुए सड़कों के निर्माण एवं विस्तार की दिशा में कार्य किये जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सड़क निर्माण के साथ ही ड्रेनेज की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड कटिंग के समय प्राकृतिक जल स्त्रोत प्रभावित न हों इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सड़कों के किनारे फलदार वृक्ष लगाये जाएं।

वन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैम्पा के तहत होने वाले कार्यों में और तेजी लाई जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि कैम्पा के तहत प्राप्त हो रही धनराशि का समय पर एवं सही तरीके से उपयोग हो। वन सम्पदाओं से लोगों की आजीविका में वृद्धि करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जाएं। अखरोट, बांस एवं औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाएं। बांज, सागोन, पॉपुलर को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किये जाएं। पिरूल नीति से लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए और प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने बैठक में वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। फलदार एवं औषधीय पौधों के रोपण पर विशेष ध्यान दिया जाय। वृक्षारोपण के लिए जन सहभागिता का होना जरूरी है। इसके लिए सामाजिक संगठनों एवं लोगों का पूरा सहयोग लिया जाए।

जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाय। जल संचय के लिए तालाबों के निर्माण की दिशा में वन विभाग द्वारा कार्य किये जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए लगातार प्रयास किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान बारिश से प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर सड़क बाधित होने की स्थिति में विभाग द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि बारिश के कारण यदि सड़क बाधित होती है तो, उनको तुरंत सुचारू करने के लिए पूरी व्यवस्थाएं रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पुराने पुलों का भी सर्वे किया जाए। सड़क निर्माण के लिए विभिन्न स्थानों पर जो वन भूमि के प्रकरण चल रहे हैं, उनके समाधान के लिए कार्यों में और तेजी लाई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के निर्माण एवं सुधारीकरण से संबंधित जो भी कार्य चल रहे हैं, वे सभी निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाए, इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाय। उन्होंने सचिव लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि विभाग की ओर से भारत सरकार को जो भी प्रस्ताव भेजे जाने हैं, वे शीघ्र उपलब्ध कराये जाएं।

बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव डॉ. पंकज कुमार, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मलिक, अपर सचिव विजय कुमार जोगदाण्डे, लोक निर्माण एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### देहरादून, हरिद्वार, रूद्रपुर एवं हल्द्वानी में बनेगा रिंग रोड

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि लोक निर्माण विभाग में अगले दो वर्षों में 03 हजार किमी. मार्गों का डामरीकरण करने, 3500 किमी. मार्गों के नवीनीकरण के कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है। दीर्घकालिक योजनाओं के तहत देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर एवं हल्द्वानी रिंग रोड का निर्माण किया जायेगा। मानसखण्ड योजना के लिए मार्गों के निर्माण हेतु प्रथम चरण के कार्यों की कार्यवाही गतिमान है। वर्षा काल में विभिन्न मार्गों पर 400 जेसीबी लगायी गई है, इनको जीआईएस से कनेक्ट किया गया है।

## व्यापारी बोले बाजार में हों सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

चमोली : नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सभी बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की मांग उठाई है। व्यापारियों का कहना है कि आए दिन नशेड़ियों और अन्य असामाजिक तत्वों से बाजार में व्यापारियों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। व्यापार संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मिंगवाल ने कहा कि नगर के बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। ताकि आए दिन होने वाले विवाद की घटनाओं की रोकथाम हो सके। मिंगवाल ने कहा कि बाजार में नशेड़ियों और अन्य असामाजिक तत्वों के आने से विवाद की घटनाएं बढ़ रही है। बता दें कि बीते तीन जुलाई को बदरीनाथ हाईवे पर कुछ स्थानीय युवाओं से वाहनों की हल्की टक्कर के बाद से एक गोपेश्वर का युवक लापता हो गया था। जिसका सुराग अभी तक नहीं लगा। हालांकि युवक के लापता होने के मामले में पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर खोजबीन कर रही है। लेकिन बाजार में शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए व्यापारियों ने सुरक्षा के कदम उठाए जाने की मांग की है। व्यापारियों ने नियमित गश्त, सीसीटीवी कैमरों को चाक चौबंध सहित अन्य मांगें उठाई हैं। वहीं लापता युवक के मामले में पुलिस थानाध्यक्ष बृजमोहन राणा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। (एजेंसी)

## बीएड के बैक पेपर करवाने की मांग उठाई

नई टिहरी : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अरुणोदय सिंह नेगी ने श्रीदेव सुमन विवि कुलपति बादशाहीथौल को ज्ञापन भेजकर बीएड अंतिम वर्ष के छात्रों के हित में स्पेशल बैक पेपर करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीएड कोर्स के अंतिम वर्ष सत्र 2020-2022 की मुख्य परीक्षा बीते फरवरी माह में संपन्न हो गई थी। परीक्षा का परिणाम छह मई को घोषित कर दिया गया था। परीक्षा में कई छात्र अनुर्तीण हुये हैं, और कई अनुपस्थित भी रहे हैं, लेकिन विवि प्रशासन की ओर अनुर्तीण छात्रों के हित में अभी तक स्पेशल बैक पेपर करवाने की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। उन्होंने विवि कुलपति से छात्र हित में जल्द बीएड बैक पेपर की परीक्षा करवाने की मांग की है। (एजेंसी)

## रात आठ से सुबह पांच बजे तक नहीं होगी सामान्य वाहनों की आवाजाही

रूद्रप्रयाग : अब हाईवे के साथ ही संपर्क मार्गों पर भी रात आठ बजे से सुबह पांच बजे तक सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। बरसात को देखते हुए पहाड़ी से पत्थर गिरने और भू-स्खलन की संभावना को देते हुए शासन के निर्देशों पर प्रशासन ने आदेश जारी किया है।

आवश्यक सेवाओं के साथ ही सैन्य वाहनों के लिए प्रतिबंध में छूट रहेगी।शासन के निर्देशों के अनुपालन में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए रात में वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि बरसात में हाईवे व अन्य संपर्क मार्गों पर गिरते पत्थर, भूस्खलन व भूधंसाव जोन के सक्रिय होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा रात आठ बजे के बाद आवश्यक सेवाओं के अलावा अन्य सभी तरह के वाहन संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## ग्रामीणों ने सड़कों के निर्माण को लेकर लोनिवि दफ्तर में किया प्रदर्शन

टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की नैलचामी पट्टी के ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़कों के निर्माण को लेकर लोनिवि घुमेटीधार में ढोल दमाऊं के साथ प्रदर्शन धरना दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने करीब 4 घंटे तक विभागीय कार्यालय के बाहर धरना देते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद ईई के लिखित आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना स्थगित किया।

सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के लोगों ने घनसाली बाजार से लोनिवि कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। घुमेटीधार स्थिति विभागीय कार्यालय पहुंचे नाराज ग्रामीण लोनिवि व ईई के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। मल्याकोट के प्रधान यशवंत गुसांई ने कहा कि बीते कई वर्षों से क्षेत्रवासी भेलगड्डी-पांडव गांव, टुंगरी-कुली, चौंरा-भटवाड़ी, थौलधार-मयाली, डांगी-मलड सहित आधा दर्जन मोटरमार्गों के नवनिर्माण की मांग करते आ रहे है। (एजेंसी)

### क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण को उठायेंगे जरूरी कदम

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत माणिकनाथ मेला समिति डागर की बैठक आहुत की गई। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष कमल सिंह नेगी ने समिति के विस्तारीकरण पर जोर दिया। मेला समिति के संचालक व डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा ने कहा कि मेला समिति और डागर पट्टी संघर्ष समिति संयुक्त रूप से क्षेत्र हितों और सामाजिक विकास के लिए हमेशा कार्य करेगी। कहा इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में कमल सिंह जाखी, भूपेंद्र सिंह भंडारी, राजवीर सिंह, गंभीर सिंह, कोषाध्यक्ष पंचम सिंह, समिति के प्रचार मंत्री राजेंद्र भंडारी, बलदेव सिंह नेगी, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुरोला में तीन दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित, लोगों में आक्रोश

उत्तरकाशी : पुरोला नगर क्षेत्र में गत तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 1, 2 व 3 में विगत तीन दिनों से पेयजल की आपूर्ति ठप पड़ी है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति के बाधित होने से भारी बारिश के बीच लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतों व हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। नगरवासी राहुल, कुलवंती, कुलदीप, रमेश असवाल,गब्बर सिंह आदि ने कहा कि बीते शनिवार से पुरोला नगर पंचायत के वार्ड 1, 2 व 3 सहित कमल नदी के पुल पार मुख्य बाजार में पानी नहीं आ रहा है। पेयजल समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों को फोन करके कई बार अवगत कराने के बाद भी अभी तक पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई है। उधर, जल संस्थान के ईई संदीप चतुर्वेदी का कहना है कि भारी बारिश के चलते मुख्य पाइप लाइन स्रोत से ही क्षतिग्रस्त हुई है। जहां मरम्मत कार्य चला हुआ है।

## लोकसभा और निकाय चुनावों के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार रहे : मैखुरी

चमोली : महाजनसंपर्क अभियान के समाप्त होने के बाद भाजपा के चमोली जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि अभियान के तहत चमोली से लाखों लोगों ने मिस्ड कॉल देकर प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन दिया है। मैखुरी ने कहा कि लोक सभा और निकाय चुनावों में भाजपा भारी जीत दर्ज करेगी जिसके लिए कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं। वन विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। केदारनाथ पुनर्निर्माण से लेकर कर्णप्रयाग रेल लाइन और ऑलवेदर रोड के साथ ही बदरीनाथ का मास्टर प्लान सहित कई काम हुए हैं। यही नहीं हेमकुंड रोप वे सहित भारत माला परियोजना पर काम चल रहा है। प्रदेश सरकार ने स्कूलों के साथ ही अब घरों में भी प्रमाण पत्र बनाए जाने की योजना से लोगों को राहत मिल रही है। वहीं नए हिल स्टेशन बनाने और गौचर को वेलनेश शहर बनाए जाने को भी पहाड़ के लिए लाभदायी बताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय रावत, नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, नगर उपाध्यक्ष आलम सिंह पंवार सहित अन्य मौजूद थे। (एजेंसी)

### टिहरी बांध प्रभावितों ने डीएम से लगाई विस्थापन की गुहार

टिहरी : टिहरी बांध प्रभावित भल्ड गांव के ग्रामीणों ने डीएम से विस्थापन की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के कारण झील के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जिससे ग्रामीणों के घरों को खतरा पैदा हो रहा है। सोमवार को आंशिक डूब क्षेत्र बांध प्रभावित भल्ड गांव के ग्रामीणों ने डीएम से विस्थापन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पूर्व क्षेपंस कमल लाल ने कहा कि टिहरी बांध के जल स्तर में प्रत्येक वर्ष उतार चढ़ाव होने के कारण उनके गांव के नीचे के हिस्से की मिट्टी का कटान हो रहा है।

**Notice**

The General Information That in name of the deponent Daughter is mentioned ad Aditi Rawat D/o Bhopal Singh Rawat in her Aadhar which is correct and True where as by mistake her name has been recorded as Anshika Rawat D/o Bhopal Singh Rawat in her School record.

So it is necessary to correct the name the sworn daughter as per the aadhar as Aditi Rawat in place of Anshika Rawat which is in school record and should be known aas Aditi Rawat which correct and true.

Bhopal singh rawat S/o sh. Bachan Singh Rawat
Resident Sitabpur Dabral Colony, Devi Road,
Kotdwar Distt- Pauri Garhwal Uttarakhand.

## बारिश के चलते जौनसार क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त

विकासनगर। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

भारी बारिश के चलते क्षेत्र के 38 मोटर मार्ग पर मलबा आने से यातायात बाधित हो गई है। कई गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया है। चकराता और आसपास के क्षेत्रों में बारिश के चलते मलबा आ जाने से क्षेत्र के दो राष्ट्रीय राजमार्ग, पांच राज्य मार्गों के साथ 31 ग्रामीण मोटर मार्ग यातायात के लिए बाधित रहे। बारिश के बाद मलबा आने से राष्ट्रीय राजमार्ग 72 बी फेडीज से सनेल के बीच, राष्ट्रीय राजमार्ग 707 ए लखवाड़ बैंड के पास बंद हो गया। जबकि राज्य मार्गों में चकराता–लाखामण्डल मार्ग चार जगह पर, दारागाड–कथियान–त्यूणी मार्ग तीन जगह पर बंद हो गया। सहिया–कवानु, हरिपुर–इछाड़ी, कवानु–मीनस, मीनस–अटाल मोटर मार्ग के साथ 31 ग्रामीण मार्ग भी यातायात के लिए बाधित रहे। इन सभी मार्गो के बाधित होने के कारण न लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। लोग अत्यंत आवश्यक कायो के लिए लंबी पैदल दूरी तय कर निकटवर्ती चकराता, कालसी, सहिया बाजार पहुंचे।

### 50 किमी की अतिरिक्त दूरी तय कर अस्पताल पहुंची प्रसूता

सोमवार सुबह सात बजे ब्लाक के बुरास्वा गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। जिसे परिजन निजी वाहन से उसे चकराता लेकर आ रहे थे। लेकिन पीआरडी मोटर मार्ग के बंद होने से वह महिला को चकराता नहीं पहुंचा पाए। जिसके बाद 50 किमी की अतिरिक्त दूरी तयकर वाया डामटा होते हुए प्रसूता महिला को उप जिला चिकित्सालय विकासनगर पहुंचाया गया। वहीं, चकराता पीआरडी मार्ग के बंद होने से पाटी गांव निवासी चमन सिंह आवश्यक दवा लेने लगभग सात किमी पैदल चलकर चकराता पहुंचे। उन्होंने बताया की पिता की शूगर की दवा समाप्त हो गयी थी। जिसको लेने वह पैदल बाजार तक आए।

### आठ परिवारों को सुरक्षित जगह पहुंचायाः

नराया गांव में भू धंसाव की जद में आए चार मकानों में रहने वाले परिवारों को पशु चिकित्सालय के भवन में शिफ्ट किया गया है। जबकि चंदेऊ गांव के दो परिवारों को खमरोली गांव में शिफ्ट किया गया है।

बंद मार्गों को खुलवाने के लिए सभी संबंधित विभाग प्रयासरत हैं। बारिश के कारण हो रहे नुकसान पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी राजस्व निरीक्षकों, ग्राम प्रहरियों, राजस्व कर्मियों को अपने अपने क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ, पुलिस को सतर्क रखा गया है।

**—युक्ता मिश्रा, एसडीएम**

## रिडिंग रूम में अनियमितताओं पर भड़के छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर एवं चौरास परिसर स्थित पुस्तकालय में रीडिंग रूम की अनियमितताओं को लेकर एनएसयूआई छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने गहरा आक्रोश जताया है।

इस संदर्भ में पुस्तकायल के अधिकारियों से मिलकर कार्यकर्ताओं ने छात्रों को रीडिंग रूम में सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की।

एनएसयूआई छात्र संगठन के सूरज नेगी के नेतृत्व में पुस्तकालय के अधिकारियों से मिले छात्रों ने कहा रीडिंग रूम में छात्रों को हरी समस्याओं के समाधान की मांग की। इस संदर्भ में उन्होंने पुस्तकालय अध्यक्ष को ज्ञापन भी दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि मंगलवार 11 जुलाई से गढ़वाल विवि में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने के चलते परीक्षा की तैयारियों को लेकर छात्र रिडिंग रूम में पढ़ने आ रहे हैं, लेकिन रीडिंग रूम और शौचालय में न तो सफाई है और ना ही रिडिंग रूम के एसी काम कर रहे हैं। जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से समस्याओं का निवारण करने की मांग की।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ&एफ), मुरादाबाद के द्वारा **ई-टेंडर संख्या** एम–1–ओटी–आरआर–एचपीयू–23 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **27.07.2023, 15:00 बजे** है, जो उसी दिन **15:30 बजे** वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | रनिंग रूम/हापुड़ की राउन्ड द क्लाक, समस्त रनिंग रूम परिसर, लान एवम गारडन सहित अनुरक्षण, अपकीप, कुकिंग एन्ड सर्विंग फूड, इनकिलुडिंग सबसिडाइज्ड मील टू आक्यूपैन्टस आफ रनिंग रूम, राउन्ड द क्लाक सर्विंग आफ ट्रेन आर्डरिंग काल्स टू आक्यूपैन्टस आफ रनिंग रूम, रनिंग रूम के गन्दे लिनेन की वाशिंग, क्लीनिंग एवम प्रेसिंग के बाद वापस करना एवम वाशड लिनेन को आक्यूपैन्टस आफ रनिंग रूम को इशु करना एवम वापस लेने का कार्य एक वर्ष के लिए। | | |
| **निविदा टाइप** | खुली निविदा | **बिडिंग स्टाइल** | दो पैकेट सिस्टम |
| **बंद होने की दिनांक एवं समय** | 27.07.2023, 15:00 बजे | **टेण्डेरिंग सेक्शन** | यांत्रिक (ओ&एफ) |
| **एडवेरटाईज़्ड वैल्यू** | रु. 55,92,152.80 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज इनक्लूडिंग जीएसटी @18%) | | |
| **धरोहर राशि (रु.)** | 1,11,900.00 | **ऑफर की वैधता** | 60 दिन |
| **निविदा मूल्य (रु.)** | 5,000.00 | **कार्य की अवधि** | 01 वर्ष |
| **बिडिंग स्टार्ट डेट** | 13.07.2023 | **निविदा टाइप** | सर्विस |

**सं.: एम-1-ओटी-आरआर-एचपीयू-23 दिनांक: 07.07.2023** **2122/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सुपिन नदी पर बना पुल बहा, विधायक के गांव सहित छः गांवों का संपर्क कटा

उत्तरकाशी : मोरी में वन गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के अंतर्गत जखोल-लिवाड़ी मार्ग पर खेड़ा घाटी में सुपिन नदी पर बना वैकल्पिक लकड़ी का पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। इससे पार्क क्षेत्र के छह गांव जिला मुख्यालय से कट गए है। इनमें पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल का रेक्चा गांव भी शामिल है। मोरी विकासखण्ड के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में भारी बारिश के कारण सुपिन नदी उफान पर है। नदी के उफान के कारण यहां छह गांवों को जोड़ने वाला लकड़ी का वैकल्पिक पुल धराशायी हो गया।

## जालंधरी गधेरा उफान पर, पुलिया बही

उत्तरकाशी : हर्षिल में भारी बारिश के कारण जालंधरी गधेरे के उफान से पुलिया बह गई। यह पुलिया क्यारकोटी-लमखागा पास को जोड़ने वाले मार्ग पर बना था। हर्षिल के स्थानीय निवासी माधवेंद्र रावत ने बताया कि जालंधरी गाड पर बनी पुलिया रविवार रात भारी बारिश के कारण उफान में बह गई। जिस कारण ट्रैक रूट का रास्ता भी ठप पड़ गया है। क्षेत्र में लगातार भारी बारिश का दौर जारी है, जिस कारण जगह-जगह नुकसान की सूचनाएं मिल रही है। (एजेंसी)

## भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

उत्तरकाशी : जिले में गत दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के चलते गंगोत्री धाम व ब्रहम्खाल क्षेत्र में गत दो दिन से विद्युत व पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है। जिससे चारधाम यात्रा पर आये तीर्थ यात्रियों सहित गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नई प्रांतीय कार्यकारिणी स्थानांतरण विसंगतियों को करे दूर

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ की कटापत्थर इकाई के पदाधिकारियों ने कहा कि नवगठित प्रांतीय कार्यकारिणी के गठन के बाद शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा। शिक्षक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। लेकिन अब तक उनकी मांगों का निस्तारण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि नई प्रांतीय कार्यकारिणी स्थानांतरण विसंगतियों को सबसे पहले दूर कराने का प्रयास करे। राजकीय शिक्षक संघ की कटापत्थर इकाई के अध्यक्ष मोहन प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष रामसिंह चौहान, प्रांतीय मंत्री रमेश पैन्यूली, उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट व कोषाध्यक्ष पद पर विकासनगर के लक्ष्मणसिंह चौहान के चुने जाने से शिक्षक संघ की खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः स्थापित हो सकेगी। बैठक में शिक्षकों ने कहा कि नई प्रांतीय कार्यकारिणी सर्वप्रथम स्थानांतरण विसंगतियों को दूर करे। भविष्य में स्थानांतरण व पदोन्नति में काउंसिलिंग की व्यवस्था को बहाल कराना, प्रधानाचार्य व प्रवक्ता पदों पर पदोन्नतियां करवाना, कनिष्ठ व वरिष्ठ शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करवाना होगा। जिससे शिक्षकों के लगातार जो अहित अब तक हुए उनका निस्तारण हो सके। बैठक में प्रधानाचार्य प्रभुलाल धीमान, संरक्षक अजब सिंह, मनीष कुमार, खजानसिंह चौहान, केसी पंत, मो. खालिद, सुखदेव सिंह रावत, पुष्पा कोटियाल, उषा रावत, हिमानी, रेनूलता, श्वैता चौहान आदि मौजूद रहे।

### मांगों पर का काम न होने पर हड़ताल पर बैठेगें सभासद

टिहरी : पालिका के वार्ड नंबर सात के सदस्य सतीश चमोली ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पत्र लिखकर एम ब्लाक आवासीय कालोनी की मरम्मत व मोलधार से नगर पालिका तक जाने वाली सड़क के सुधारीकरण की मांग की मांग करते हुए इस पर कार्य न होने पर हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। सभासद चमोली ने पालिका ईओ को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि नगर की एम ब्लाक आवासीय कालोनी बदहाल स्थिति से गुजर रही है। नगर पालिका कर्मचारियों से हर माह कालोनी की मरम्मत के लिए शुल्क लिया जाता है। लेकिन आज तक कालोनी में मरम्मत काम नहीं हुआ है। इसी तरह से मोलधार से नगर पालिका कार्यालय तक जाने वाली सड़क की स्थिति निरंतर बदहाल बनी हुई है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (जी०एस०टी, ई०पी०एफ व ई०एस०आई में पंजीकृत) हो तथा पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में जिसमें प्रथम भाग में वांछित जी०एस०टी, ई०पी०एफ, ई०एस०आई, धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए एवं अन्य शर्तें जो निविदा से सम्बन्धित हो तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह के लिए वैध हो आमन्त्रित की जाती है बिना प्रथम भाग के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी ई–निविदा को निरस्त कर सकते हैं। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04/EDDN/23–24 | रू0 1180/– | विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय को संचालित करने का कार्य आदि। | 0.43 | दि0. 27.07.2023 16.00 बजे तक | दि0. 28.07.2023 11.00 बजे तक | दि0. 28.07.2023 15.00 बजे तक |
| 05/EDDN/23–24 | रू0 1180/– | उपखण्ड थैलीसैण एवं रिखाणीखाल के कार्यालय को संचालित करने का कार्य आदि। | 0.37 | दि0. 27.07.2023 16.00 बजे तक | दि0. 28.07.2023 11.00 बजे तक | दि0. 28.07.2023 15.00 बजे तक |

पत्रांक : 490/विविखनै/टी–6
दिनांक : 10.07.2023

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री का उत्तराखंड प्रेम

उत्तराखंड में हो रही भारी बारिश के बाद यहां का पूरा जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मैदान से लेकर पारो तक व्यवस्थाएं छिन्न–भिन्न हो चुकी है। प्राकृतिक संपदा के साथ ही कई निर्माण भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वर्तमान दौर में चार धाम यात्रा के आयोजन के साथ ही हेमकुंड यात्रा और कांवड़ का मेला भी चल रहा है, जिस कारण राज्य सरकार के लिए यह समय चुनौतियों का दौर भी माना गया है। राज्य सरकार हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रयास कर रही है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उत्तराखंड के हालातों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने उत्तराखंड में बरसात को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर बात करते हुए स्थिति की जानकारी भी ली है। प्रधानमंत्री का हमेशा से ही उत्तराखंड के प्रति खास लगाव रहा है और वह अपनी पसंदीदा जगहों में उत्तराखंड के केदारनाथ धाम को हमेशा सही प्राथमिकता में रखते हैं। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में प्राकृतिक आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए ना केवल आर्थिक तौर पर व्यापक सहायता की बल्कि यहां होने वाले जीणीद्धार कार्य की स्वयं निगरानी भी करते रहे हैं। यही कारण है कि आज केदारनाथ की स्थिति कुछ बदली हुई नजर आई है और केंद्र में व राज्य में भाजपा की सरकार होने का फायदा भी केदारनाथ के पुनर्निर्माण कार्यों को हुआ है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी से दिल्ली में मुलाकात की तो वहां भी उत्तराखंड के प्रसिद्ध काफल के प्रति प्रधानमंत्री का प्रेम नजर आया। यह सब बातें स्वयं दर्शाती है कि उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अलग नजरिया रखते हैं। राजनीतिक दृष्टि से भी देखें उत्तराखंड ने भी भारतीय जनता पार्टी को निराश नहीं किया है और लोकसभा की सभी पांचों सीटों के साथ साथ गत विधानसभा चुनावों में बहुमत से जीता कर उत्तराखंड में सरकार बनाने का पुनः अवसर भी दिया। सही मायने में देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड प्रेम डबल इंजन सरकार की अवधारणा को भी मजबूत बनाता है जिसका लाभ निश्चित तौर पर उत्तराखंड को मिल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी नियमित तौर पर प्रधानमंत्री से उत्तराखंड में विकास योजनाओं को चलाने के लिए सहयोग मांगते आए हैं और प्रधानमंत्री की ओर से भी हमेशा ही सकारात्मक दृष्टिकोण ही देखने को मिला है। उत्तराखंड की प्राकृतिक स्थिति के प्रति प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री को फोन करना ना केवल एक प्रधानमंत्री के राज्यों के प्रति कर्तव्यों की दृष्टि से बल्कि उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री के खास लगाव का भी एक जीवंत उदाहरण है।

## ये खतरा बढ़ रहा है

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है।

देखते–देखते "खालिस्तान" का साया फिर संगीन हो गयाहै, इस बात के साफ संकेत हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय राजनयिक ठिकानों पर हमले हुए थे। इस बीच पंजाब में अमृतपाल की परिघटना हुई। अभी सोमवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मित्र देशों से खालिस्तानी ताकतों पर लगाम लगाने को कहा है। इस सिलसिले में उन्होंने जिन मित्र देशों का नाम लिया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। लेकिन उसी रात यह खबर आई कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। हमले के बाद दूतावास में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पाया गया। इसी बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। कनाडा में आठ जुलाई को खालिस्तान समर्थक "एक बड़ी रैली" निकालने की तैयारी कर रहे हैं।मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक "खालिस्तान फ्रीडम रैली" टोरंटो में निकाली जानी है। रैली का अंत शहर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने करने की योजना है। कनाडा सरकार ने कहा है कि भारतीय राजनयिकों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। लेकिन सवाल वो नहीं है। सवाल है कि ऐसी भारत विरोधी ताकतों को खुलेआम अपनी गतिविधियां चलाने की इजाजत क्यों दी जा रही है। रैली से जुड़े कुछ पोस्टर सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें कनाडा में दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दी गई है। इनमें से एक पोस्टरमें टोरंटो में भारतीय काउंसल जनरल अपूर्व श्रीवास्तव पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्सेस नाम के एक संगठन का मुखिया था। पिछले महीने उसकी कनाडा के राज्य ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा के अंदर हत्या कर दी गई थी। अब यह भारत सरकार के लिए गंभीर मंथन का विषय है कि इस उभरती चुनौती को कैसे इसी मौके पर दबाया जाए? इस मामले में कोई ढिलाई आगे चल कर महंगी साबित हो सकती है।

## वायनाड पर आयोग अब क्या करेगा?

गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब चुनाव आयोग पर दबाव है कि वह वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के बारे में फैसला करे।

राहुल गांधी को मानहानि के मामले में 22 मार्च को सजा हुई थी और उसके अगले दिन उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। इसके साथ ही वायनाड सीट खाली घोषित हो गई थी। इस तरह से साढ़े तीन महीने हो गए हैं सीट खाली हुए। जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के मुताबिक अगर किसी खाली हुई लोकसभा सीट का कार्यकाल एक साल या उससे ज्यादा बाकी है तो आयोग को छह महीने के अंदर वहां उपचुनाव कराना होगा। राहुल गांधी का कार्यकाल 16 जून 2024 तक है। इसका मतलब है कि जब सीट खाली हुई थी तब से एक साल से ज्यादा समय बाकी थी।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा है कि आयोग के सामने चुनाव घोषित करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि आयोग को जल्दी चुनाव की घोषणा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और फैसले का इंतजार नहीं करना चाहिए। तभी सवाल है कि आयोग क्या करेगा? उसे नियम के मुताबिक अगले ढाई महीने में चुनाव कराना है। हालांकि अब जो भी सांसद चुना जाएगा उसका कार्यकाल एक साल से कम का होगा।

# सरकार–हरण का दशाननी वाम–तंत्र

**पंकज शर्मा**



भारतीय मानस की तासीर दग़ाबाज़ों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे–लप्पों में आ कर या अपने–अपने गिरे़बाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे। आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निर्माता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है।

अगर भारतीय जनता पार्टी को लग रहा है कि शरद पवार को इस हाल में ले आने से उसे राजनीतिक फ़ायदा होगा तो वह मुगालते में है। उसे कुल मिला कर बड़ा नुकसान होगा। खु़द एकनाथ शिंदे भीतर से सहम गए होंगे कि उन के बहुत–से हमजोली उद्धव ठाकरे की तरफ़ देखने लगेंगे। अजित पवार दलबदल क़ानून से बचने लायक़ विधायक इकट्ठे नहीं कर पाए हैं, इसलिए उन के साथ गए विधायकों में से भी ज़्यादातर अभी से पसोपेश में पड़ने लगे हैं। यूं भी जैसे शिंदे के जाने के बाद भी शिवसेना का मूल–संगठन उद्धव के ही साथ रहा, उसी तरह अजित के जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का बुनियादी ढांचा पवार के ही साथ है।

विधानसभाई–अंकगणित में पवार अभी कमज़ोर ज़रूर पड़े हैं, मगर सियासी बीजगणित में वे अजित से कई गुना मज़बूत हो कर उभरे हैं। अजित और उनके साथ गए लोग भले ही 45 बरस पहले पवार के किए–धरे की कितनी ही याद दिलाएं, महाराष्ट्र तो महाराष्ट्र, बाकी देश में भी पवार को अपनो से ही मिले धोखे को किसी ने पसंद नहीं किया है।

भारतीय मानस की तासीर दग़ाबाज़ों से घृणा करने की है। इसलिए भाजपा के लारे–लप्पों में आ कर या अपने–अपने गिरे़बाओं के घनघोर मैलेपन से डर कर जो पवार के कटप्पा बने हैं, उन की सियासी उम्र लोग लंबी नहीं रहने देंगे।

आप सोचिए कि अगर किसी दिन अमित भाई शाह अपने निर्माता नरेंद्र भाई मोदी को छोड़ कर चले जाएं तो भारतीय जनमानस में उस की कैसी प्रतिक्रिया होगी? प्रफुल्ल पटेल के पलटूपन ने उसी तरह की वितृष्णा का भाव लोगों के मन में पैदा किया है। अजित की नीयत तो पहले भी कई बार सामने आ चुकी थी, सो, उन के जाने से लोगों को उतनी हैरत नहीं हुई, लेकिन प्रफुल्ल के ब्रूटसपन ने सभी को धक्क कर दिया है। इसलिए लिख कर रख लीजिए कि प्रफुल्ल केंद्र में कितने ही बड़े मंत्री बन जाएं, अब वे लोकसभा का चुनाव कभी नहीं जीत पाएंगे।

अजित के साथ गए विधायक भी लोगों के मन से इस क़दर उतर गए हैं कि वे जिस दिन चुनाव–मैदान में उतरेंगे, लस्तमपस्त पड़े मिलेंगे। यही हाल शिंदे के साथ गए शिवसेना के विधायकों का होगा। अगले साल की विजयादशमी के आसपास जब महाराष्ट्र की विधानसभा के चुनाव होंगे, आप सियासी हताहतों की संख्या देख कर अपनी उंगलियां दांतों तले दबा रहे होंगे। आज अपनी तिकड़मों की सफलता पर इतरा रहे देवेंद्र फडनवीस के घर की मुंडेरों पर अगली दीवाली के कितने दीए सजते हैं झ देखते रहिए।

यही हाल इस बरस की दीवाली के आसपास होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उन के साथ कांग्रेस छोड़ कर गए विधायकों का होना है। अभी उन में से कई भले मंत्री बन कर फूले–फूले घूम रहे हैं, मगर आने वाले चुनाव में उन में से ज़्यादातर को तो भाजपा खु़द ही उम्मीदवार नहीं बनाएगी और जिन्हें बनाएगी भी, उन्हें मतदाता ठेंगा दिखा देंगे। सिंधिया के इलाके़ ग्वालियर–चंबल में होने वाली अपनी बेहद बुरी गत को देख कर भाजपा स्वयं मूर्छित हो जाएगी। अभी उसे यह अंदाज़ ही नहीं हो पा रहा है कि साम–दाम–दंड–भेद के ज़रिए सरकार–हरण की उस की करतूतों ने आमजन को उस के ख़िलाफ़ कितने गुस्से से भर दिया है।

पक्का मान कर चलिए कि आने वाले दिनों में भाजपा पवार और उद्धव जैसा ही हाल नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल का करने की कोशिश भी करेगी। नीतीश के 45 में से 36 विधायकों को तोडने़ की बिसात बिछाना अमित भाई ने पहले दिन से ही शुरू कर दी थी। यह अलग बात है कि फ़िलवक़्त अपनी इस जाज़म की सिलवटें वे ठीक से मिटा नहीं पा रहे हैं। लेकिन उन के बहेलिया जाल के फंदे लगातार कसते जा रहे हैं। 2025 की सर्दिया अभी थोड़ी दूर हैं और अगर 2024 के आम चुनाव के समय भाजपा नीतीश के 16 लोकसभा और 5 राज्यसभा सदस्यों की सेंधमारी में थोड़ी भी क़ामयाब हो गई तो उस के फ़ौरन बाद वह बिहार की सरकार को गिराने के लिए दिन–रात एक कर देगी।

केजरीवाल का पवारकरण करने से भी भाजपा भला क्यों बाज़ आएगी? मुझे इस बात की पूरी संभावना लग रही है कि दिल्ली में विधानसभा का अगला चुनाव आने से पहले राष्ट्रीय राजधानी का विधायिका–चरित्र ही पूरी तरह बदल जाएगा। न रहेगी विधानसभा और न रहेगी केजरीवाल की सूरमाई। ज़ाहिर है कि आज आप को यह असंभव लगेगा, लेकिन मेरे इस इल्हाम को याद रखिएगा कि एक दिन पंजाब में भगवंत मान भी 69 विधायकों को ले कर खु़दमुख़्तारी का ऐलान कर सकते हैं। सरकार में बने रहने के लिए तो उन्हें 59 विधायक ही चाहिए होंगे, लेकिन 69 का साथ पा लेने पर केजरीवाल उन के ख़िलाफ़ दलबदल क़ानून का सहारा भी नहीं ले पाएंगे। अगर आप इसे चंडूखाने की तरंग समझ रहे हैं तो यह समझ लीजिए कि दशाननी तैयारियों का यह तहखाना तेज़ी से सज रहा है।

2024 की दहलीज़ पर पहुंचने के पहले विपक्षी एकता को तार–तार कर देने के लिए नरेंद्र भाई और अमित भाई कुछ भी कर गुज़रने को कमर कसे बैठे हैं। नवीन पटनायक, जगन रेड्डी और चिराग पासवान को तो भूल ही जाइए, के. चंद्रशेखर राव, अखिलेश यादव और सुखबीर बादल तक पर वे अपना जालबट्टा फेंक चुके हैं। 'मोशा' मंडली जानती है कि लालूप्रसाद यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और नीतीश कुमार उन के झुकाए नहीं झुकेंगे, सो, उन्हें तोडफ़ोड़ देने की कार्रवाइयां शुरू हो गईं। बीच की मुंडेर पर बैठी मायावती के बारे में भाजपा को लग रहा है कि वे कांग्रेस से तालमेल कर लेंगी। इसलिए आने वाले दिनों में उन की पार्टी को भी तितर–बितर करने की बघनखी कोशिशें शुरू हो गई हैं।

नरेंद्र भाई के लोकतंत्र में लोक का अब कोई महत्व नहीं है। जो है, तंत्र है। दक्षिणमुखी व्यवस्था का वाम तंत्र। इस के फट् फट् स्वाहा मंत्रोच्चार में जनतंत्र के सारे मूल्य स्वाहा होते जा रहे हैं। लोकतंत्र के सारे सिद्धांत मौजूदा सियासत की बैताली साधना के दलदली तालाब में तिरोहित होते जा रहे हैं। नौ साल में जम्हूरियत की धमनियों से तकरीबन सारा रक्त चूसा जा चुका है। जनतंत्र की काया कंकाल में तब्दील होती जा रही है। अपनी रिक्त शिराओं के सहारे वह कितनी दूरी तय कर पाएगी, कौन जाने!

मगर बावजूद इस के 'मोशा' बंधु भीतर से भयभीत हैं। आने वाले समय का घर्घर नाद उन्हें सुनाई देने लगा है। इसीलिए जहां एक तरफ़ वे अपने बल्लम–भाले ले कर विपक्ष को छिन्नभिन्न करने के लिए टूट पड़े हैं, वहीं पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों के साथ ही लोकसभा का चुनाव कराने की तैयारियां भी कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग को आम चुनाव की तैयारी रखने के गुपचुप संकेत दे दिए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय समेत सभी मंत्रालयों को लंबित काम तेज़ी से निपटाने का इशारा कर दिया गया है। सो, मत–कुरुक्षेत्र के उंट की करवट पर निग़ाह रखिए।

**पक्का मान कर चलिए कि आने वाले दिनों में भाजपा पवार और उद्धव जैसा ही हाल नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल का करने की कोशिश भी करेगी। नीतीश के 45 में से 36 विधायकों को तोडने़ की बिसात बिछाना अमित भाई ने पहले दिन से ही शुरू कर दी थी। यह अलग बात है कि फ़िलवक़्त अपनी इस जाज़म की सिलवटें वे ठीक से मिटा नहीं पा रहे हैं। लेकिन उन के बहेलिया जाल के फंदे लगातार कसते जा रहे हैं। 2025 की सर्दिया अभी थोड़ी दूर हैं और अगर 2024 के आम चुनाव के समय भाजपा नीतीश के 16 लोकसभा और 5 राज्यसभा सदस्यों की सेंधमारी में थोड़ी भी क़ामयाब हो गई तो उस के फ़ौरन बाद वह बिहार की सरकार को गिराने के लिए दिन–रात एक कर देगी।**

# विश्वगुरू और मंदिर है फिर भी यूसीसी व महाराष्ट्र!

**महाराष्ट्र के मामले में बडा सवाल है कि जब चुनाव आयोग की ओर घोषित असली शिव सेना भाजपा के साथ है तो उसे शरद पवार की पार्टी की क्या जरूरत है? जिस पार्टी को भाजपा नेता नेचुरली करप्ट पार्टी बताते हैं और 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाते हैं उस पार्टी के आरोपी नेताओं को साथ लेने की क्या मजबूरी है? ध्यान रहे राज्य की भाजपा और शिंदे सरकार को 160 के करीब विधायकों का समर्थन है इसके बावजूद पवार के 30–40 और विधायक साथ लाने की क्या जरूरत महसूस हो रही है? जाहिर है कथित असली शिव सेना यानी एकनाथ शिंदे के पार्टी के साथ लेने और शिंदे को मुख्यमंत्री बनवाने के बावजूद भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है।**

**हरिशंकर व्यास**

भाऱतीय जनता पार्टी कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद परेशान थी। उससे पहले वह हिमाचल प्रदेश में हारी थी लेकिन तब गुजरात की जीत ने उस हार को ढक दिया था। कर्नाटक का चुनाव अकेले हुआ था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूरी ताकत लगाने, बजरंग बली के जयकारे और दूसरे सारे उपाय करने के बावजूद भाजपा बुरी तरह हारी। कांग्रेस की बड़ी जीत हुई। उसके बाद विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की पहली बैठक पटना में हो गई। तमाम आशंकाओं के बावजूद सारे नेता जुट गए और एकजुट होकर लडने़ का संकल्प भी लिया। तभी भाजपा की परेशानी बढ़ी और नैरेटिव बदलने के प्रयास शुरू हुए।

नैरेटिव बदलने के कई उपाय हो रहे थे। कई उपाय आगे होने हैं। लेकिन उस बीच अचानक समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा और उसके बाद महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी तोड़ कर उनके भतीजे अजित पवार को महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाया गया।

सवाल है कि जब दूसरे उपाय थे और है तो समान नागरिक संहिता की क्या जरूरत थी? महाराष्ट्र में क्यों एनसीपी को तोडऩा था? अजीत पवार–प्रफुल्ल पटेल को सिर पर बैठाना था? ध्यान रहे कर्नाटक चुनाव के बाद प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यूगिनी की यात्रा हुई थी और उसको जिस तरह से हाईलाइट किया गया वह नैरेटिव बदलने के प्रयासों का हिस्सा था। उसके बाद




प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर गए, जिसे उनके विश्वगुरू होने की निशानी के तौर पर प्रचारित किया गया। आगे अगले दो महीने जी 20 देशों की बैठक का हल्ला बना रहना है। सितंबर में दिल्ली में दुनिया के 20 सबसे शक्तिशाली देशों के नेता जुटेंगे। उनके अलावा भी कई देशों के प्रमुखों को अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। उससे भी भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विश्वगुरू होने का मैसेज बनवाया जाएगा। अगले साल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अयोध्या में भव्य राममंदिर का उद्घाटन होना है, जिसका उत्सव कई दिन तक चलेगा।

इन सबके बीच भाजपा ने अचानक समान नागरिक संहिता का दांव चला। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी वकालत की है तो दूसरी ओर विपक्ष की एक मजबूत पार्टी को तोड़ कर विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास हुआ है। सवाल है कि क्या भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी के विश्वगुरू वाले एजेंडे पर पूरा भरोसा नहीं है? क्या भाजपा अयोध्या में राममंदिर को चुनाव जिताने वाला एजेंडा नहीं मान रही है? अगर भाजपा को अपने इन दोनों एजेंडों पर भरोसा होता तो यूसीसी का मुद्दा नहीं उठाया जाता और न ही महाराष्ट्र में तोड़–फोड़ की जरूरत नहीं होती।

महाराष्ट्र के मामले में बडा सवाल है कि जब चुनाव आयोग की ओर घोषित असली शिव सेना भाजपा के साथ है तो उसे शरद पवार की पार्टी की क्या जरूरत है? जिस पार्टी को भाजपा नेता नेचुरली करप्ट पार्टी बताते हैं और 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाते हैं उस पार्टी के आरोपी नेताओं को साथ लेने की क्या मजबूरी है? ध्यान रहे राज्य की भाजपा और शिंदे सरकार को 160 के करीब विधायकों का समर्थन है इसके बावजूद पवार के 30–40 और विधायक साथ लाने की क्या जरूरत महसूस हो रही है? जाहिर है कथित असली शिव सेना यानी एकनाथ शिंदे के पार्टी के साथ लेने और शिंदे को मुख्यमंत्री बनवाने के बावजूद भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। इसलिए उसे लग रहा है कि कांग्रेस, एनसीपी और शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट बड़ी चुनौती है। इसलिए लोकसभा सदस्यों की संख्या के लिहाज से देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य में विपक्ष को कमजोर करना जरूरी है। जाहिर है भाजपा को न अपने सहयोगियों पर भरोसा है और न अपने एजेंडे पर। इसलिए तोड़ फोड़ करके विपक्ष को कमजोर करने और विपक्ष के नेताओं को साथ लाकर अपना समीकरण मजबूत करने का प्रयास हो रहा है। लेकिन बिना यह सोचे कि इससे भाजपा के मजबूत होने की पोल अपने आप खुल रही है। उसकी मजबूरी जाहिर हो रही है। वह ऐसे नेताओं का हाथ पकड रही है, जिनके साथ उसका वैचारिक टकराव था, रहा है और जिनको लेकर नैतिकता के गंभीर सवाल भी हैं।

# पेट दर्द होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, तुरंत मिलेगा आराम



गैस, सूजन और ब्लोटिंग जैसी कई समस्याएं है, जिनके आम लक्षणों में पेट दर्द शामिल है। इसके अतिरिक्त ज्यादा खाने या फिर अधिक तैलीय और मसालेदार चीजों के सेवन से भी आप पेट दर्द का अनुभव कर सकते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप दवाइयों का सेवन करने की जगह घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाने से पेट दर्द तुरंत दूर हो सकता है।

**पुदीने का पानी पिएं**

पेट दर्द से छुटकारा दिलाने में पुदीना एक हीलिंग जड़ी–बूटी की तरह काम करता है। लाभ के लिए पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाएं। आप चाहें तो पुदीने की 4–5 पत्तियों को एक कप पानी में उबाल लें और फिर पानी को गुनगुना करने के बाद इसका सेवन करें। इससे पाचन क्रिया और गैस का दर्द ठीक होगा। इसके अतिरिक्त पुदीने और अदरक को पीसकर इसे गर्म पानी के साथ लेने से भी पेट दर्द में आराम मिलता है।

**अदरक का उपयोग करें**

विभिन्न अध्ययनों ने पेट दर्द के इलाज में अदरक की प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया है क्योंकि यह मजबूत एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों का एक प्राकृतिक स्त्रोत है। यही कारण है कि पेट दर्द ठीक करने वाली अधिकांश गोलियों में अदरक एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मौजूद होता है। लाभ के लिए आपको बस इतना करना है कि ताजा अदरक के रस को पानी में मिलाकर पिएं या ताजी अदरक को अच्छे से चबाकर निगल लें।

**सेब का सिरका आएगा काम**

अगर आपको पेट दर्द के साथ मतली, एसिडिटी, सूजन और अपच भी है तो सेब का सिरका इन सभी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। यह आपके पेट के क्क॥ स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। लाभ के लिए बस एक कप पानी में थोड़ा–सा सेब का सिरका और थोड़ा शहद मिलाकर इसे धीरे–धीरे पिएं।

**जीरा पानी का सेवन करें**

जीरा कुछ ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आसानी से खाना पचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह पेट दर्द की समस्या से राहत दिलाने में भी मदद करता है। इसे बनाने के लिए एक चम्मच जीरा लें और उसे लगभग 2 कप पानी में 15 से 20 मिनट उबालें। जब पानी अच्छे से उबल जाए तो इस मिश्रण को छानकर ठंडा होने दें और फिर खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

**एलोवेरा जूस भी है प्रभावी**

एलोवेरा जूस एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो पेट दर्द, एसिडिटी, एसिड रिफ्लक्स, गैस्ट्राइटिस और सूजन को ठीक कर सकता है। इसके साथ ही यह आपको कब्ज, कोलाइटिस और जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से पेट का अल्सर भी ठीक हो सकता हैं।

# एमएस धोनी ने अपने प्रोडक्शन की पहली फिल्म का ट्रेलर किया लॉन्च



नई दिल्ली, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के चाहने वालों की दुनिया में कमी नहीं है। माही की सिर्फ बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी के लिए फैंस से भरपूर प्यार मिलता है। हाल ही में धोनी ने अपना 42वां जन्मदिन मनाया, जिसमें उनके सेलिब्रेशन की वीडियो भी काफी वायरल हुआ था।

इस बीच माही की एक और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ट्विटर पर तेजी से ट्रेंड करने लगा है। बता दें कि चेन्नई के एक कार्यक्रम में धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी पहुंचे थे, जहां धोनी ने अपने प्रोक्डशन की पहली फिल्म का सॉन्ग और ट्रेलर लॉन्च किया।

दरअसल, महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी ने एक साथ मिलकर अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म एलजीएम का ट्रेलर और ऑडियो लॉन्च किया। इसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस दौरान उन्होंने चेन्नई से जुड़े अपने खास रिश्ते पर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि चेन्नई में ही उन्होंने भारतीय टेस्ट डेब्यू किया था और उनकी टेस्ट में सर्वाधिक रन भी चेन्नई में ही बने। अब चेन्नई में मेरी पहली तमिल फिल्म बन रही है। ये जगह मेरे लिए बेहद खास है। बता दें कि एमएस धोनी और साक्षी की खूबसूरत तस्वीर चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने भी अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस सुपर कपल के लिए हमारा प्यार दिन–प–दिन बढ़ता जा रहा है।

## खास दोस्त को 2 साल से किया गया इंग्नोर

नई दिल्ली, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा काफी लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे है।

वह लगातार अपनी वापसी की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ और सिर्फ नजरअंदाज किया जा रहा है। इस बीच वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। बता दें कि इशांत शर्मा को टेस्ट टीम में मौका तो नहीं मिला, लेकिन टेस्ट सीरीज में वह बतौर कमेंटेटर डेब्यू करने वाले है।

दरअसल, भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में इशांत शर्मा के हाथ में गेंद नहीं, बल्कि माइक नजर आने वाला है। इशांत ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के लिए कॉमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। इसकी जानकारी जियो सिनेमा ने एक ट्वीट कर दी।

बता दें कि इशांत शर्मा को एक्शन में आखिरी बार आईपीएल 2023 में देखा गया था। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से इशांत शर्मा ने 8 मैचों में 10 विकेट चटकाए थे। इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

# बीसीसीआई ने एशियाई खेलों में भारत की भागीदारी को दी मंजूरी

नई दिल्ली,भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने सितंबर–अक्टूबर में होने वाले आगामी खेलों में उनकी भागीदारी को मंजूरी दे दी है। क्रिकेट इससे पहले दो बार 2010 और 2014 में एशियाई खेलों में शामिल हो चुका है , लेकिन भारत ने दोनों बार हिस्सा नहीं लिया था।

2010 और 2014 संस्करणों की तरह, हांग्जो में क्रिकेट आयोजन का प्रारूप टी20 ही होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को पुष्टि करते हुए कहा,हम एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे हैं।सर्वोच्च परिषद ने हमारी पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी को मंजूरी दे दी है।

पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के साथ, जो एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता की समाप्ति से दो दिन पहले 5 अक्टूबर को शुरू होने वाला है, बीसीसीआई द्वारा खेलों में दूसरी पंक्ति की पुरुष टीम और पूरी ताकत वाली महिला टीम भेजने की उम्मीद है।



बांग्लादेश (2010) और श्रीलंका (2014) ने खेलों के पिछले संस्करणों में पुरुषों का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पाकिस्तान ने दोनों बार महिलाओं का स्वर्ण पदक जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष समिति द्वारा चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में विदेशी लीगों में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों का मुद्दा भी शामिल था। इसका सबसे ताजा मामला अंबाती रायडू का है, जो आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद सेवानिवृत्त हो गए, जिसके बाद उन्होंने मेजर लीग क्रिकेट के आगामी उद्घाटन संस्करण के लिए टेक्सास सुपर किंग्स के साथ अनुबंध किया।मौजूदा स्थिति के अनुसार, भारतीय क्रिकेटर विदेशी लीगों में केवल तभी भाग ले सकते हैं, जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा संचालित टूर्नामेंटों में शामिल नहीं होंगे। जबकि अब तक केवल मुी भर भारतीय खिलाड़ी ही अपने संन्यास के बाद विदेशी लीगों में खेलने गए हैं, दुनिया भर में तेजी से बढ़ती लीगों ने यह चिंता बढ़ा दी है कि खिलाड़ी इन नए टूर्नामेंटों में खेलने के लिए जल्दी संन्यास ले सकते हैं।शाह ने कहा, हम पूर्व–निर्धारित सेवानिवृत्ति की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक नीति लाएंगे। पदाधिकारी एक नीति बनाएंगे

# लोग अपनी हद पार कर रहे हैं-हरभजन सिंह



नई दिल्ली,भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद एक बार फिर भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। बता दें कि टीम इंडिया ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

इसके बाद से कई बार आईसीसी टूर्नामेंट में भारत सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुंचा जरूर, लेकिन टीम के हाथों सिर्फ निराशा ही लगी। डब्ल्यूटीसी के फाइनल में हार के बाद से कप्तान रोहित शर्मा आलोचकों का शिकार बने हुए हैं। कप्तान रोहित को लेकर आलोचना करने वालो ने अब अपनी लिमिट कॉर्स कर दी है।

इस कड़ी में पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का गुस्सा आलोचकों पर फूटा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए भज्जी ने आलोचकों को जोरदार फटकार लगाई है।

दरअसल, भारतीय टीम के विश्व टेस्ट फाइनल गंवाने के बाद से हर कोई कप्तान रोहित शर्मा को हार का जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस मामले में कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा ने भी रोहित पर जमकर निशाना साधा, जिसमें सुनील गावस्कर का नाम शामिल है, जिन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को जमकर लताड़ा है। इस कड़ी में अब रोहित शर्मा को हरभजन सिंह ( का भी साथ मिल गया है। हरभजन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में रोहित की आलोचना करने वाले लोगों को करारा जवाब दिया है।

भज्जी ने कहा कि मुझे लगता है कि लोग अपनी हद पार कर रहे हैं। क्रिकेट एक टीम गेम है और एक खिलाड़ी को हार का जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। सिर्फ रोहित को ट्रोल करना सहीं नहीं है। हां वो ज्यादा रन नहीं बना रहा और वजन बढ़ रहा है और कप्तानी सही से नहीं कर रहा, लेकिन मुझे लगता है कि रोहित एक बेहतरीन लीडर है।

43 साल के हरभजन सिंह ने आगे कहा कि मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है और उन्हें करीब से देखा है। उन्हें न केवल मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूप में, बल्कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में काफी सम्मान मिलता है। इसलिए मुझे लगता है कि हालिया नतीजों के आधान पर उन्हें खराब कप्तान नहीं बताना चाहिए। वह आने वाले समय में अच्छा करेंगे और हमें उन पर विश्वास दिखाने की जरूरत है।

# पूरी टेस्ट सीरीज में पानी पिलाते दिखेंगे ये तीन खिलाड़ी!

नई दिल्ली, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल गंवाने के बाद भारतीय टीम एक महीने के ब्रेक पर थी। इसके बाद अब टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। इस सीरीज का पहला मैच 12 जुलाई से डोमिनिका में खेला जाएगा।

टेस्ट सीरीज के लिए युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और स्टार रुतुराज गायकवाड़ को मौका मिला है,लेकिन इस दो मैचों की पूरी टेस्ट सीरीज में ऐसे 3 खिलाड़ी देखने को मिल सकते है जिन्हें रोहित शर्मा नजरअंदाज करेंगे। इन खिलाड़ियों को एक भी मैच में प्लेइंग–11 में जगह मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। आइए जानते हैं इन खिलाड़ियों के बारे में जो पूरी सीरीज में बेंच गर्म करते हुए नजर आएंगे।

लिस्ट में पहले नंबर पर है टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल (अ७१ ढंड्ढ') का नाम, जिन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में प्लेइंग–11 में शायद ही मौका मिल पाएगा। कप्तान रोहित शर्मा अक्षर को नजरअंदाज करते हुए नजर आ सकते है। ऐसा इसलिए क्योंकि टीम इंडिया के पास रवींद्र जडेजा और रविचद्रन अश्विन जैसे घातक स्पिनर्स हैं। ऐसे में अक्षर को प्लेइंग–11 में मौका मिलना मुश्किल नजर आ रहा है।

2. रुतुराज गायकवाड़

लिस्ट में दूसरे नंबर पर है रुतुराज गायकवाड़ का नाम, जिन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मौका मिलना मुश्किल है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायस्वाल, शुभमन गिल, विराट कोहली और अजंक्यि रहाणे टीम इंडिया की बल्लेबाजी लाइनअप के लिए अपनी जगह पक्की कर चुके है। ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ को प्लेइंग–11 में मौका मिलना मुश्किल है। ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ पूरी टेस्ट सीरीज सिर्फ पानी पिलाते हुए नजर आ सकते है।

3. ईशान किशन

41 इंटरनेशनल मैच खेल चुके ईशान किशन ने अभी तक टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है। ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद से केएस भरत विकेटकीपिंग की भूमिका शानदार तरीके से निभा रहे है। ऐसे में केएस भरत को ईशान किशन की जगह तरजीह दी जाएगी। वहीं, ईशान किशन का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। ऐसे में ईशान किशन को पूरी टेस्ट सीरीज में बेंच गर्म करते हुए देखा जा सकता है।

# फिल्मी सफर

# पहले दिन 72 हूरें से आगे निकली नीयत, सत्यप्रेम की कथा की हालत सुस्त

सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों न। दस्तक दी है। एक ओर विवादों में फंसी पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर की फिल्म 72 हूरें रिलीज हुई तो इसकी टक्कर विद्या बालन की मल्टीस्टारर फिल्म नीयत से हुई। इसके अलावा सत्यप्रेम की कथा की कमाई में दिन–ब–दिन गिरावट देखने को मिल रही है, वहीं कैरी ऑन जट्टा 3 बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है।

राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके निर्देशक संजय पूरन सिंह की 72 हूरें रिलीज से पहले ही विरोध का सामना कर रही है। आतंकवाद पर चोट करती इस फिल्म के निर्माताओं पर एक विशेष समुदाय की छवि खराब करने का आरोप लग रहा है। फिल्म जिहाद के रास्ते पर चलकर जन्नत में 72 हूरों के मिलने की सच्चाई बयां करती है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 35 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।



विद्या काफी समय बाद नीयत के साथ बड़े पर्दे पर लौटी हैं। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसमें राम कपूर, शहाना गोस्वामी, प्राजक्ता कोहली, राहुल बोस सहित कई सितारे नजर आए हैं। इस फिल्म में विद्या ने ष्टक्चढ्ढ अफसर का किरदार निभाया है, जो पार्टी में हुए मर्डर के बाद कातिल को ढूंढने का काम करती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 1 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत कर 72 हूरें को पीछे छोड़ दिया है।

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी भूल भुलैया 2 के बाद एक बार फिर सत्यप्रेम की कथा में साथ नजर आई है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी और वीकेंड तक इसका कलेक्शन भी बढ़िया हो रहा था, लेकिन अब इसकी कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन 2.70 करोड़ रुपये कमाए हैं। ऐसे में इसकी कुल कमाई 55.91 करोड़ रुपये हो गई है।

गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा की रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 रिलीज के बाद से ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। कैरी ऑन जट्टा 3 पहले हफ्ते में 27.85 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पंजाबी फिल्म भी बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 9वें दिन (शुक्रवार) 1.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब कैरी ऑन जट्टा 3 की कुल कमाई 29.45 करोड़ रुपये हो गई है।

# शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की मूवी की रिलीज डेट आउट

बॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार्स शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में पूरी हो गई थी और दोनों स्टार्स का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया था। शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की साथ में पहली फिल्म की अब रिलीज डेट आउट हो गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म का नाम नहीं बताया है। आइए जानते हैं कि अमित जोशी और आराधना शाह के डायरेक्शन में बनने वाली शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की फिल्म कब रिलीज होगी।



फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अनटाइटिल्ड फिल्म का पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट की जानकारी दी है।

ये फिल्म 7 दिसंबर, 2023 को रिलीज होगी। इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने उसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये लव स्टोरी फिल्म होगी। फिल्म के पोस्टर में शाहिद कपूर और कृति सेनॉन एक बाइक पर बैठे रोमांस करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतरेकर प्रोड्यूस करने वाले हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कृति सेनॉन की फिल्म आदिपुरुष इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। हालांकि, उनकी फिल्म के डायलॉग्स को लेकर काफी विवाद हो रहा है। कृति सेनॉन अब फिल्म फिल्म गणपथ–पार्ट 1 और फिल्म द क्रू में नजर आएंगी।

# प्रदर्शन के बाद सालार के टीजर ने बनाया रिकॉर्ड, आदिपुरुष और केजीएफ–2 को धकेला पीछे




प्रभास की सितम्बर माह में प्रदर्शित होने वाली फिल्म सालार का टीजर दो दिन पहले जारी किया गया था। जारी होते ही टीजर ने फिल्म इंडस्ट्री में तहलका मचा डाला है। निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म के टीजर ने रिलीज होने के महज 24 घंटे के अंदर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

इस टीजर ने प्रशांत नील की ही निर्देशित फिल्म केजीएफ–2 को पीछे छोडने़ के साथ ही प्रभास की ही आदिपुरुष को भी मात देने में सफलता प्राप्त कर ली है। टीजर ने 24 घंटे में कमाए 82 मिलियन व्यूज प्रभास और निर्देशक प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म सालार का टीजर गुरुवार को सुबह 5.12 मिनट पर रिलीज हुआ था। जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म के टीजर ने रिलीज के 24 घंटे में यूट्यूब पर 82 मिलियन व्यूज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही इस फिल्म का टीजर इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा व्यूज हासिल करने वाला बन गया है। ज्ञातव्य है कि इससे पहले प्रभास की ही पिछली रिलीज फिल्म आदिपुरुष के टीजर ने प्रदर्शन के 24 घंटे में सबसे ज्यादा 69 मिलियन व्यूज हासिल किए थे। जबकि, लिस्ट में दूसरे नंबर पर केजीएफ 2 था।

# अजय देवगन के भांजे अमन की पहली फिल्म का ऐलान, रवीना की बेटी राशा बनीं जोड़ीदार

अजय देवगन एक तरफ जहां अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं, वहीं दूसरी तरफ अब उनके भांजे अमन भी फिल्मी दुनिया में पदार्पण करने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उनकी पहली फिल्म का ऐलान हो चुका है, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अभिषेक कपूर को सौंपी गई है और फिल्म में अमन की जोड़ी रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ बनी है। आइए जानते हैं फिल्म से जुड़ीं और क्या जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अभिषेक कपूर एक एक्शन एडवेंचर फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं, जिसके जरिए वह अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना की बेटी राशा थडानी को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे। फिल्म 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी। तरण ने अपने पोस्ट में



यह भी बताया कि इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला, प्रज्ञा कपूर के साथ मिलकर बनाने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। काई पो छे से अभिषेक ने जहां सुशांत सिंह राजपूत को बॉलीवुड में लॉन्च किया था, वहीं फिल्म केदारनाथ से उन्होंने सारा अली खान को मौका दिया था। अब वह अमन और राशा को इंडस्ट्री में ब्रेक देने जा रहे हैं। दोनों ने अभिनय का प्रशिक्षण भी लिया है। वे पिछले काफी समय से इस फिल्म के लिए तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि राशा और अमन अपना एक्टिंग करियर शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

अमन,अजय की बहन नीलम के बेटे हैं। उन्हें कई बार अजय और उनके परिवार के साथ घूमते–फिरते देखा जा चुका है। अमन की अजय के साथ खूब बनती है, वहीं अजय की बेटी न्यासा के साथ भी उनकी तस्वीरें वायरल हो चुकी हैं। रवीना ने 1995 में दो बेटियों पूजा और छाया गोद ली थीं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com